# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

गुरुवार, 19 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 75, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 633 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला तीसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा। } 10

## पीएम मोदी ने कुवैत के युवराज से की वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर विचार-विमर्श किया। } 10

### प्रथम – मां शैलपुत्री



वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरां।
वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनी॥
दक्ष प्रजापति के यज्ञकुंड में अपने देह की आहुति देने के बाद पर्वतराज हिमालय के यहां उत्पन्न देवी का नाम शैलपुत्री है।

## इजराइली हमले में ईरान के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत

एजेंसी

दुबई। इजराइल द्वारा ईरान के नेताओं को निशाना बनाने के लिए की जा रही कार्वाई में बुधवार को उसके खुफिया मामलों के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत हो गई।

❍ तेल अवीव के पास ईरानी हमलों में दो लोगों की मौत

इजराइल ने इसके साथ ईरान के एक अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर हमला किया, जो क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा, ऊर्जा पर दोनों पक्षों से बढ़ते युद्ध के दबाव का संकेत है। इजराइल के रक्षामंत्री इजराइल काट्ज़ ने कहा कि ईरान के खुफिया मामलों के इस्माइल खतीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने आगे भी चौंकाने वाली खबरें आने का दावा किया। ईरान ने फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले करके जवाबी कार्वाई की, जिसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खतीब के मारे जाने की पुष्टि की है, जिन पर अमेरिका ने 2022 में वाशिंगटन और उसके सहयोगियों के खिलाफ कथित साइबर गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लगाए थे। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने खतीब की हत्या को अनुचित हत्या करार दिया है।

इजराइल ने बुधवार को एक और शीर्ष ईरानी अधिकारी को मार गिराने का दावा किया जो दो दिनों में इस प्रकार का तीसरा मामला है। वहीं पश्चिम एशिया में संघर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बाराबंकी-बहराइच सड़क परियोजना को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

❍ 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को हरी झंडी ❍ लघु जलविद्युत विकास योजना पास

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 101.51 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को निर्बाध संपर्क सुविधा प्रदान करना है। वहीं एक अन्य निर्णय में सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई।

इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अन्य निर्णय में 2,585 करोड़ रुपये की लघु जलविद्युत विकास योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट की नवीकरणीय क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव



ने यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से बाराबंकी से बहराइच तक नियंत्रित पहुंच के साथ चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना में लगभग 3,485.49 करोड़ रुपये की निर्माण लागत और भूमि अधिग्रहण के लिए अतिरिक्त 1,574.85 करोड़ रुपये शामिल हैं। हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल है। इसमें निर्माण के दौरान 40 प्रतिशत सरकारी वित्तपोषण और 60 प्रतिशत निजी निवेश शामिल होता है। इस परियोजना से 36.54 लाख प्रत्यक्ष कार्यदिवस और 43.04 लाख अप्रत्यक्ष कार्यदिवस के नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

बाराबंकी-बहराइच सड़क मार्ग को आधुनिक बनाये जाने से बाराबंकी और बहराइच जिलों के शहरी क्षेत्रों में मौजूद सड़क से जुड़ी खामियों और भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। साथ ही यह परियोजना यात्रा की औसत गति बढ़ाएगी, यात्रा समय को लगभग एक घंटे तक कम करेगी और सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार करेगी। यह परियोजना पूरी होने पर नेपालगंज सीमा के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विराज सागर दास ने दीं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं। विराज सागर दास ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विराज सागर दास ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है।

# 9 वर्ष में लिखी यूपी के विकास की नयी गाथा

## डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का स्थापित किया मॉडल : योगी




विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों की यात्रा को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति क्या थी। उत्तर प्रदेश जैसे असीम संभावनाओं वाले राज्य को पहचान के संकट का सामना करना पड़ रहा था। दुनिया की सबसे उर्वर भूमि और प्रचुर जल संसाधनों के बावजूद किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था। प्रदेश का कारीगर, जो अपनी कला के लिए प्रसिद्ध था, वह उद्यमी बनने के बजाय श्रमिक बनकर पलायन करने को विवश था। युवाओं के सामने पहचान ...शेष पृष्ठ 10 पर

### भारत-कनाडा साझेदारी को मिलेगी नयी गति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ...शेष पृष्ठ 10 पर



### पीएम 28 को करेंगे जेवर हवाई अड्डे का उद्घाटन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में कहा कि यूपी अब इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश बना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर से अवगत कराते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी के पास है। सर्वाधिक सात शहरों (लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ) में मेट्रो चल रही है। देश की पहली रैपिड रेल मेरठ से दिल्ली के बीच प्रारंभ हो चुकी है। देश का पहला रोपवे वाराणसी में बन रहा है। देश में पहला इनलैंड वाटर वे यूपी (वाराणसी से हल्दिया) में बना है।

सीएम ने एयर कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं, जिनमें चार अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। यूपी का पांचवां अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर में तैयार है। यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। हमने 28 मार्च को इसके लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री जी से अनुरोध किया है, उन्हें आमंत्रित किया है। जेवर एयरपोर्ट से अर्थव्यवस्था में ग्रोथ होगी और उप्र सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी। सीएम योगी ने 2017 के पहले राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### कच्चा मकान ढहा, दो बच्चों समेत तीन की मौत

मैनपुरी। जिले के अटपुरा गांव में एक कच्चा मकान ढहने से एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गयी तथा पति और दो अन्य बच्चे घायल हो गए। मकान की दीवार मिट्टी की थी और टीन की छत थी। मकान मंगलवार रात को उस समय ढह गया जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी नीरज द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बचाव अभियान का नेतृत्व करने के लिए मौके पर पहुंचे। एसपी ने बुधवार को बताया कि छह लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया।

## आध्यात्मिक विरासत को आधार बनाकर विकास कर रही सरकार



प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से भेंट कर राज्य के विकास मॉडल को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया। इस दौरान समाज में संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने जैसे विषय प्रमुख रूप से चर्चा में रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत को सशक्त आधार बनाकर विकास की दिशा तय कर रही है। उन्होंने बताया कि योग, ध्यान और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, साथ ही धार्मिक स्थलों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली और इंदौर में भीषण आग से 17 की मौत

### पालम की इमारत में लगी आग



एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाई थी। यह इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में है। इमारत के बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### इंदौर में ईवी के चार्जिंग प्वाइंट में धमाका

एजेंसी




इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में तीन मंजिला मकान के बाहर बुधवार तड़के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इस इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना में लोगों के हताहत होने पर शोक जताया है। इस बीच, प्रदेश सरकार ने विशेषज्ञों की समिति से इस घटना की विस्तृत जांच कराए जाने और ईवी चार्ज करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कराए जाने की घोषणा की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई ने बताया कि ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक मकान में बुधवार तड़के 03:30 बजे से 04:30 बजे के बीच आग लगी। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:26 | 4:47 | 6:17 | 4:54 |

### भीतर पढ़ें


❍ संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की स्कीम (पृष्ठ-02)
❍ टीईटी-2026 भुगतान प्रक्रिया होगी आसान (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 23 पैसे टूटकर 92.63 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
❍ जापान ने 57.3 अरब येन का व्यापार दर्ज किया (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** हर घर नल से जल को नयी रफ्तार, यूपी–केंद्र के बीच जल जीवन मिशन 2.0 पर समझौता

## पेयजल योजनाओं में अब दिखेगी गति और पारदर्शिता : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक अहम पहल हुई। जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मिशन के अगले चरण की औपचारिक शुरूआत है, जिसे हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिली है। यह एमओयू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जलापूर्ति योजनाओं को और बेहतर योजना, समयबद्धता और परिणामों के साथ लागू किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल के रूप में मिलेगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए बदलाव का जिक्र करते हुए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पूर्व विधायक के घर में विस्फोट दो बेटों समेत 6 पर केस दर्ज

जिला संवाददाता

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय सिंह के फर्रुखाबाद स्थित घर पर हुए विस्फोट के मामले में उनके दोनों बेटों सहित छह लोगों के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के फर्रुखाबाद स्थित घर पर मंगलवार को अचानक हुए तेज धमाके में पांच लोग घायल हो गए थे।


❍ धमाके में घायल पांच लोगों की हालत गंभीर

शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक इमरान फरीद द्वारा दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि वह मंगलवार को अपनी टीम के साथ साहबगंज चौराहे पर वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे, इसी दौरान एक ई-रिक्शा में दो युवकों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, जो झुलस गए थे। फरीद ने बताया कि पूछताछ में घायलों की पहचान अविनाश उर्फ विक्की और अभिषेक उर्फ सिक्की के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां अफरातफरी का माहौल था और चीख-पुकार मची हुई थी। पुलिस उपनिरीक्षक ने बताया कि जिस मकान में विस्फोट हुआ था, वहां चारों ओर मलबा फैला हुआ था, और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आज प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव, न अराजकता और न ही दंगों का खतरा

## 9 वर्षों में राज्य में बदली कानून-व्यवस्था की तस्वीर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। पहले जहां त्योहारों के दौरान भय, तनाव, दंगे और कर्फ्यू का माहौल बन जाता था, वहीं अब नवरात्रि और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व एक साथ पूरी शालीनता और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। अलविदा की नमाज और ईद जैसे अवसर भी पूरी शांति से संपन्न हो रहे हैं और कहीं कोई हलचल या अव्यवस्था देखने को नहीं मिलती। यही बदला हुआ उत्तर प्रदेश है, जहां लोग निर्भय होकर अपने धार्मिक स्थलों पर जा रहे हैं और सुरक्षा का वास्तविक अहसास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बदलाव केवल माहौल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीयत, नीति और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। अब लोग नए साल या अन्य आयोजनों पर भी धार्मिक स्थलों की ओर जा रहे हैं, जो सामाजिक विश्वास और सुरक्षा के मजबूत माहौल को दशार्ता है। आज प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव, न अराजकता और न ही दंगों का खतरा, यह सब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के कारण संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में भर्तियां नहीं होती थीं, क्योंकि सरकार की नीयत साफ नहीं थी और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था। लेकिन पिछले 9 वर्षों में इस स्थिति को पूरी तरह बदला गया है। सरकार ने 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं, जिनमें 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती शामिल है। यह अपने आप में एक बड़ा परिवर्तन है, जिसने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान किया है। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस भर्ती के साथ-साथ प्रशिक्षण क्षमता को भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया गया है। उन्होंने 2017 के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय 30 हजार पुलिस भर्ती के लिए केवल 3 हजार प्रशिक्षण क्षमता उपलब्ध थी। तब केंद्र सरकार के सहयोग से मिलिट्री, पैरामिलिट्री और अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों का उपयोग करना पड़ा था। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और वर्ष 2025 में भर्ती किए गए 60,244 पुलिसकर्मियों को प्रदेश के भीतर ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन भर्तियों में अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नवनियुक्त पुलिसकर्मी प्रशिक्षण पूर्ण कर नवरात्रि के तुरंत बाद फील्ड में उतरेंगे और प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इससे कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी और जनता में सुरक्षा का विश्वास और बढ़ेगा।

सीएम ने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने के लिए किए गए सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समेत अन्य संस्थानों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते थे और समय पर भर्ती नहीं हो पाती थी। लेकिन अब इन व्यवस्थाओं को सुधारते हुए पारदर्शी और समयबद्ध प्रणाली लागू की गई है।

## संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की नयी स्कीम से समृद्ध होगा प्रदेश

उत्तर प्रदेश में गरीब का बच्चा भी अब वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त विद्यालय में पढ़ सकता है। शिक्षा क्षेत्र में सुधारों, ऑपरेशन कायाकल्प और संस्कृत के प्रोत्साहन से यूपी में समृद्धि का नया अध्याय शुरू हुआ है। इसके साथ ही संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की नई स्कीम से प्रदेश और समृद्ध होगा। ताकि उनके रहने और खाने की समुचित व्यवस्था हो सके। संस्कृत के माध्यम से प्रदेश समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है, इसलिए सरकार इस दिशा में नई पहल कर रही है। ये बातें बुधवार को लोकभवन में ह्यनव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय इस नई व्यवस्था के मॉडल हैं और इसी तर्ज पर हर जनपद में सीएम कंपोजिट विद्यालयों का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस वर्ष भी दो-दो विद्यालय दिए जाने की तैयारी है। सीएम योगी ने शिक्षा को सुशासन का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि आज जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह योजनाबद्ध तरीके से ठोस क्रियान्वयन का परिणाम है। सीएम योगी ने कहा कि एक समय बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में बेटियां नंगे पैर जाती थीं, फटे कपड़ों में पढ़ाई करती थीं और सरकारी यूनिफॉर्म भी मजाक का विषय बन जाती थी।

**यूपी अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की छवि से बाहर निकला :** उत्तर प्रदेश अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की छवि से निकलकर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी से आगे बढ़ चुका है। स्वास्थ्य व पर्यावरण के क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित है और काशी के बीएचयू में वर्ल्ड क्लास कैंसर इंस्टीट्यूट बन चुका है। लगभग 06 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और हर पीएचसी पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेले आयोजित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज इन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है और वेक्टर बॉर्न डिजीज के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई की गई है। बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, मेडिकल ढांचे के विकास और योजनाओं की पहुंच ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है।

**दिव्यांगजन पेंशन बढ़ायेगी सरकार, कैबिनेट जल्द लेगी निर्णय :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के महिला कल्याण के कार्यों को भी गिनाया। बताया कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी भर्ती हुईं। इसमें 1.75 लाख से अधिक बेटियों की भर्ती की गई। स्वयंसेवी समूह की 1.10 करोड़ से अधिक महिलाएं प्रदेश में आजीविका दीदी के रूप में उद्यमी बनकर कार्य कर रहीं हैं। इस बार के बजट में महिला उद्मयी स्कीम के अंतर्गत अलग से पैसे की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक पांच लाख बेटियों की शादी संपन्न कराई जा चुकी है। सीएम ने निराश्रित महिला, वृद्ध व दिव्यांगजन पेंशन की भी चर्चा करते हुए बताया कि 1.06 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन उपलब्ध करा रही है। इनके कल्याण के लिए कैबिनेट जल्द ही इसमें वृद्धि का भी निर्णय लेगा।

## हमने जातीय और क्षेत्रीय चश्मे से प्रदेश को नहीं देखा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज वही प्रदेश विकास, सुशासन और विश्वास का नया मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों की नीतियों ने युवाओं, किसानों और आम जनता को निराशा के सिवा कुछ नहीं दिया। पहले भर्तियों में पारदर्शिता का अभाव था और भ्रष्टाचार चरम पर था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नौकरी निकलते ही महाभारत के सारे रिश्ते वसूली के लिए निकल पड़ते थे, जिससे प्रतिभाशाली युवा हताश होकर या तो पलायन करते थे या खुद को कोसने पर मजबूर होते थे। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था के तहत लाखों युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। सीएम ने विपक्ष पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया, जिससे प्रदेश का समग्र विकास बाधित हुआ। हमारी सरकार ने 25 करोड़ जनता को एक परिवार मानकर कार्य किया और दलितों, वंचितों, अति पिछड़ों व गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। धार्मिक आस्था के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले भगवान राम और भारतीय परंपराओं को अंधविश्वास बताते थे, आज वही अयोध्या और काशी के विकास को देख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आस्था का सम्मान ही उत्तर प्रदेश की पहचान है और सरकार ने इसे पुनर्स्थापित किया है।

**कांग्रेस, सपा-बसपा ने किसान को बनाया कर्जदार:** नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में किसानों को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पहला निर्णय ही किसानों के लिए लिया था। ऋण माफी से किसान सम्मान निधि तक की यात्रा में यूपी की कृषि विकास दर 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 18 फीसदी हो गई है। देश में यूपी कृषि विकास में सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य है। अब यहां किसान आत्महत्या नहीं करता है। गन्ना किसानों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने यूपी में आए परिवर्तन से भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 2012 से 2017 के मध्य कुल 95,000 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ था। जबकि, हमने 2017 से अब तक 9 वर्ष में 3,16,800 करोड़ का भुगतान किया। 2017 में किसानों को 300 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का दाम मिलता था, आज 400 रुपये मिल रहा है। घटलौती बंद और पर्ची की समस्या का समाधान भी हो गया। सरकारी क्रय केंद्रों पर धान, गेहूं, सरसों, तिलहन, दलहन, मिलेट्स, बाजरा, मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हो रही है। हमने किसानों से यह भी कहा है कि बाजार में अच्छा दाम मिले तो वहां अपनी फसल बेचें, लेकिन कम दाम मिले तो अपने उत्पाद क्रय केंद्रों पर बेचें।

# भाजपाई समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के षड्यंत्र रच रहे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा जा रही है। अंधभक्तों की जमात भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं गैंग है। भाजपाई समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के षड्यंत्र रच रही है। भाजपा की षड्यंत्रकारी चुनौतियों से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी तैयार है। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र पर बहुत खतरा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है। सामाजिक, सदभाव से ही लोकतंत्र साकार होता है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों का जीवन संकट में है। आज की राजनीति में सकारात्मक दिशा पीडीए के रास्ते ही तय हो सकती है। बिना सकारात्मक सोच के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है। बिना विचारों के अभियान दिशाहीन और भ्रम का शिकार हो सकता है। श्री यादव ने कहा कि सोशलिस्ट और सोशल के बीच रिश्ता है। सकारात्मकता से निष्ठा बनती है। वैचारिकी सिद्धांतों और आंदोलनों से देश और समाज की दिशा बदलती रही है। भाजपा सरकारों से जनता में हताशा और निराशा है। सरकार और प्रशासन बेजा इस्तेमाल करके भाजपा समाजवादी पार्टी के सामने चुनौतियां पैदा करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी भाजपा की हर चुनौती का मुकाबला करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और अफवाह को अपनी ताकत मानती है। समाजवादी सबके साथ है। वह झूठ का भरपूर विरोध करते है। समाजवादी साथियों को यह लड़ाई बड़ी मानकर लड़ना चाहिए। अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि हमारे व्यवहार और भाषा में सादगी होनी चाहिए। हमें अनुशासित रहना होगा। किसी को आक्रोशित नहीं करना है।

# टीईटी-2026 भुगतान प्रक्रिया होगी आसान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग एवं आईसीआई बैंक के मध्य बुधवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुए। यह एमओयू, आयोग के प्रयागराज एलनगंज स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ, जिसमें आयोग के सचिव एवं बैंक के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए तथा अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार एवं बैंक के आंचलिक प्रमुख समित विजय द्वारा समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत आईसीआई बैंक द्वारा आयोग को उन्नत डिजिटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। बैंक द्वारा ₹ईजीपे क्लासिक₹ नामक भुगतान गेटवे सेवा को सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है, जिसके माध्यम से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के




• बैंक और यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के बीच हुआ एमओयू

पंजीकरण शुल्क का संग्रह अब अधिक सुगम, तेज और सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा। अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार ने कहा कि यह साझेदारी अभ्यर्थियों के लिए पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल भुगतान प्रणाली उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आवेदन प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैंक द्वारा एक समर्पित समन्वय प्रबंधक की भी नियुक्ति की गई है, जो आयोग के साथ तालमेल स्थापित करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। समझौते के तहत अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुगतान से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समर्पित सहायता केंद्र सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा लैंडलाइन एवं मोबाइल दोनों माध्यमों पर प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक संचालित रहेगी, जिससे भुगतान विफलता अथवा विलंब जैसी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# भारतीय किसान यूनियन ने प्रदेश के कृषि मंत्री को सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही को किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन दिया गया। संगठन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित करते हुए किसानों के आर्थिक अस्तित्व और उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल निर्णय लेने का अनुरोध किया है। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने संगठन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। किसान संगठन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्य रूप से सी2+50 प्रतिशत एमएसपी की कानूनी गारंटी, आलू पर एमएसपी लागू करने, राष्ट्रीय किसान आयोग के गठन और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को खारिज करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी, मनरेगा द्वारा किसानों को श्रमिक उपलब्ध कराने, केंद्र सरकार द्वारा पेंशन योजना लागू करने तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज भाड़ा और मंडी शुल्क पर पूर्ण सब्सिडी प्रदान करने जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया गया है।

ज्ञापन में शीट बिल 2025 व विद्युत संशोधन बिल को वापस लेने और किसानों व मजदूरों के लिए घरेलू



बिजली मुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संगठन ने आलू के निर्धारित समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज सहित भुगतान और दंडात्मक कार्यवाही के प्रावधान की भी मांग की है। माननीय कृषि मंत्री जी के निर्देश पर यह ज्ञापन उनके विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) द्वारा प्राप्त किया गया।

# रामपुर बना शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने वाला पहला जिला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री (फार्मर आईडी) बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के किसानों की शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे, यह 31 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। वहीं रामपुर जिला प्रशासन ने निर्धारित तिथि से पहले ही किसानों की 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसी के साथ रामपुर जिला प्रशासन ने शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि दूसरे स्थान पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर हैं। उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके




• गाजियाबाद दूसरा तो अंबेडकरनगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं।

रामपुर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्नदाताओं को जागरूक करने के लिए किसान गोष्ठी, गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, होर्डिंग, ग्राम पंचायत स्तर पर खुली चौपाल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग एवं प्रचार वाहन के जरिये प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं गन्ना विभाग के कर्मचारियों को किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने बताया कि वह खुद प्रत्येक सप्ताह अभियान की समीक्षा करते हैं। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया जबकि कम प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर ने लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत 2,09,828 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। इसी के साथ रामपुर ने प्रदेश में शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी रामपुर प्रदेश में सर्वप्रथम 50 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा गाजियाबाद ने निर्धारित लक्ष्य 38,909 के सापेक्ष अब तक 36,598 फार्मर आईडी बनाकर पूरे प्रदेश में दूसरा तथा अंबेडकरनगर ने 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य 3,42,847 के सापेक्ष 3,10,145 फार्मर आईडी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फरुर्खाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

## उत्तर प्रदेश का बदला स्वरूप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2017 के बाद एक ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है और आज यह भारत की विकास यात्रा का प्रमुख इंजन बनकर उभरा है। इस प्रगति को रेखांकित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दस प्रमुख क्षेत्रों में ठोस एवं संरचनात्मक बदलाव सुनिश्चित किए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कमजोर कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक चुनौतियों से निकलकर सशक्त शासन, तीव्र अवसंरचना विकास और सर्वसमावेशी प्रगति का मॉडल स्थापित किया है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है।



कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। एक्सप्रेसवे एवं कनेक्टिविटी क्रांति आई है। आर्थिक विकास के क्षेत्र में यूपी ने रफ्तार पकड़ी है। निवेश एवं औद्योगिकीकरण, विनिर्माण विस्तार को लेकर उत्तर प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ रहा है। कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है। जनकल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रगति हुई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह परिवर्तन व्यापक, मापनीय और जन-केंद्रित है, जिसमें विकास का लाभ जन-जन तक पहुँचा है।

# प्रदेशभर में 9 दिवसीय भव्य आयोजन, हर जनपद में दिखेगी विकास की झलक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय सहित सभी जनपदों में 26 मार्च 2026 तक भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विगत नौ वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों से आमजन को अवगत कराया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है।

निर्देशों के अनुसार, कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक परामर्शदाता समिति गठित की जाएगी। मुख्यालयों पर प्रभारी मंत्री की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नौ दिवसीय मेले का उद्घाटन किया जाएगा।

साथ ही सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया जाएगा। इस अवसर पर नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन भी कराया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी,

• 26 मार्च तक मेलों, प्रदर्शनी, संवाद, रोजगार और सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन

जिसमें केंद्र सरकार के 11 वर्षों एवं राज्य सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद में लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं के शिलापट्टों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। नौ दिवसीय मेले के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम (युवा, महिला, किसान, श्रमिक आदि) पर आधारित विचार गोष्ठियों एवं संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। सत्रों के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, किसान सम्मेलनों में पशुपालन एवं गोसेवा के आर्थिक मॉडल के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा। नौ दिवसीय मेले में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं का आयोजन कर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कराया जाएगा।

# यूपी के साथ व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ायेगा कनाडा

## रक्षा से उर्जा तक, यूपी में दीर्घकालिक संभावनाएं: कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश का पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाने और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी वैश्विक पहुँच को और विस्तार दिया है। इसी क्रम में बुधवार को भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने किया।

प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी ' मुख्यालय का दौरा किया, जहां अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। इस उच्च-स्तरीय संवाद का मुख्य उद्देश्य रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और




• यूपी व कनाडा के बीच शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग बढाने पर भी हुई चर्चा

शैक्षणिक नवाचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और कनाडा के बीच द्विपक्षीय निवेश एवं व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

इन्वेस्ट यूपी ने बैठक के दौरान प्रदेश के सुदृढ़ निवेश इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर यूपी एफडीआई नीति-2023 और जीसीसी नीति-2024 जैसी प्रगतिशील नीतियों की सफलता साझा की गई, जिन्होंने वैश्विक फॉर्च्यून-500 कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित किया है। विशेष रूप से, छह रणनीतिक नोड्स और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं से लैस उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रगति को रेखांकित किया गया जो प्रदेश को एक प्रमुख वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

इस अवसर पर उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा व्यापार संबंधों को और विस्तार देने की अपार संभावनाओं पर बल दिया, जो वर्तमान में अपेक्षाकृत कम हैं। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर बल दिया, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और विकसित भारत 2027 के लक्ष्य के अनुरूप हैं। साथ ही, बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच साझेदारी से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। उच्चायुक्त ने उत्तर प्रदेश को कनाडा के साथ साझेदारी को और गहरा करने का आमंत्रण देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार, तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास के क्षेत्र में मजबूत सहयोग से दोनों क्षेत्रों में सतत और भविष्य उन्मुख विकास को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में कर्नल स्टीफन मरे (रक्षा सलाहकार), रोहित शुक्ला (राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारी) और सुमेन मंडल (व्यापार आयुक्त) शामिल रहे। बैठक में निदेशक यूपीनेडा श्री इंदरजीत सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, एसीईओ शशांक चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी के नेतृत्व में हुए विकास पर जनता की मुहर

## पंकज चौधरी ने की सरकार के विकास कार्यों की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास और समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया समाप्त करके वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसा बदलाव करने का प्रशंसनीय काम किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पिछले 9 साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में हुए विकास का परिणाम है कि जनता ने 2017 के बाद 2022 में

• 2027 में बीजेपी हैट्रिक लगायेगी : पंकज चौधरी

भी हमें जिताया और 2027 में बीजेपी हैट्रिक लगाने जा रही है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और उन्होंने वैश्विक स्तर से लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक का उत्थान करने का काम किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि की शुरूआत हो रही है और सनातन संस्कृति में नौ को बहुत ही दिव्य माना जाता है।

9 साल पहले उत्तर प्रदेश की जनता ने मेवा वालों को हटाकर सेवा वालों को मौका देने का काम किया था। परिवारवाद वालों को हटाकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, सबका प्रयास वालों को मौका दिया था। दंगा वालों को हटाकर गंगा वालों को आशीर्वाद दिया था। गुंडाराज और माफियाराज वालों को उत्तर प्रदेश की जनता दोबारा नहीं आने देगी। समाजवादी पार्टी भ्रम और अफवाह फैलाकर दोबारा सत्ता में आने का सपना देख रही है लेकिन जनता दोबारा माफियाराज नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। किसी भी प्रदेश की तरक्की के लिए उद्योगों की बड़ी आवश्यकता होती है।

योगी जी ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करके इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश पर ध्यान दिया है। आज देश में जितने भी एक्सप्रेसवे हैं उसका 55 फीसदी हिस्सा केवल उत्तर प्रदेश में है। हमारी सरकार गांवों में भी 18 से 20 घंटे बिजली दे रही है।

गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को योगी सरकार ने 9 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामना दी।

# नाले के जल शोधन से निर्मल होगी राप्ती नदी की धारा

- सीएम योगी के निर्देश पर बनी है महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना
- 10 एमएलडी क्षमता की बन रही एसटीपी, नदी में सीवेज प्रवाह रोकने को 27 एमएलडी का एमपीएस
- 53 करोड़ रुपये की परियोजना के मार्च माह के अंत तक पूर्ण होने की उम्मीद



घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राप्ती नदी की धारा को अविरल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना आगामी मानसून से पहले ही पूरी हो जाएगी। महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना में 92 प्रतिशत कार्य हो चुका है और इसी मार्च माह के अंत तक इसके पूरी तरह पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट के लिए सरकार 53 करोड़ रुपये खर्च कर रही है।

वर्षों से शहर का सीवेज महेवा और कटनिया जैसे बड़े नालों के जरिये सीधे राप्ती नदी में मिलता रहा। अब नदी में मिलने वाले नालों पर इंटरसेप्शन, डायवर्जन और ट्रीटमेंट की परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है। राप्ती में जो नाले गिरते हैं उनमें से महेवा/कटनिया नाला भी महेवा, रुस्तमपुर एवं महुईसुघरपुर वार्ड के करीब पचास हजार की आबादी के उपभोग किए जल और सीवेज को नदी में उड़ेलता है। अब महेवा/कटनिया नाले के पानी को नदी में गिरने से पहले ही इंटरसेप्ट (रोका) किया जाएगा और पाइपलाइनों के जरिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक डायवर्ट किया जाएगा। डायवर्ट किए पानी व सीवेज के ट्रीटमेंट के लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय की तरफ से 10 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और 27 एमएलडी क्षमता के मास्टर पम्पिंग स्टेशन (एमपीएस) का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे पानी के शोधित होने के बाद ही नदी में डिस्चार्ज किया जाएगा। मानसून से पहले इस परियोजना के क्रियाशील होने पर बारिश के मौसम में नदी में जाने वाले अतिरिक्त कचरे को नियंत्रित किया जा सकेगा। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार बताते हैं कि महेवा/कटनिया नाले के इंटरसेप्शन, डायवर्जन व ट्रीटमेंट की परियोजना पर काम 29 दिसंबर 2023 को शुरू हुआ था। अब तक करीब 92 प्रतिशत कार्य कराया जा चुका है। परियोजना को बरसात से पहले, मई अंत तक शत प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि प्रगति को देखते उम्मीद है कि इसी माह (मार्च) के अंत तक इसे पूर्ण कर लिया जाए।

## ग्राम चौपाल का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चकबंदी आयुक्त उप्र0 व जिलाधिकारी गोरखपुर के मार्गदर्शन में गोरखपुर जनपद के विकास खंड ब्रम्हपुर के ग्राम सभा मीठाबेल में बुधवार को चकबंदी अधिकारी चौरीचौरा शिवशंकर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चकबंदी, ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में चकबंदीकर्ता मुस्कान अली तथा चकबंदी लेखपाल चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को वरासत के बारे में जानकारी दी गई। तथा ग्राम सभा की भूमि का सत्यापन करने हेतु चकबंदी अधिकारी द्वारा अधिनस्थों को निर्देशित किया गया। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को चिंहित कर खाली कराने की मांग की गई। ग्रामीणों की इस मांग पर चकबंदी अधिकारी शिवशंकर प्रसाद सिंह ने चकबंदीकर्ता व चकबंदी लेखपाल को गांव की फसल कटने के बाद ग्राम सभा की भूमि को चिंहित करने तथा अतिक्रमण के संबंध में नियमानुसार आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## मस्जिदों में तरावीह में कुरआन पाक हुआ मुकम्मल



इटावा। शहर की सभी मस्जिदों में तरावीह में कुरआन ए पाक पूरा हो गया। मस्जिद पचराहा में रमजान-उल-मुबारक महीने में तरावीह पूरी हुई। मस्जिद में नमाज-ए-तरावीह की मुकम्मल अदायगी रमजान के इस पाक महीने में कुरान-ए-करीम की तिलावत के साथ तरावीह का सिलसिला बड़े ही शानो शौकत के साथ पूरा हुआ। नमाजियों ने बड़े ही अदब और अकीदत के साथ नात-ए-पाक को सुना। मस्जिद इंतजामिया द्वारा अल्लाह की बारगाह में मुल्क की अमन-चैन, खुशहाली और कौम की तरक्की के लिए दिलखुशूस दुआएं मांगी गईं। पचराहा मस्जिद के मुतवल्ली मु. गुलशेर ने हाफिज नौमान, पेश इमाम आरिफ रजा, हाफिज अशफाक, हाफिज सुल्तान, हाजी शबनूर का गुलपोशी कर उनका इस्तकबाल किया। इस मौके पर शकील, शहीद, मोहसिन, अनस, अजीम, मुराद, आसिफ खांन, फरहान खान आदि मौजूद रहे। मस्जिद शेख जलाल के मुतवल्ली हाजी हन्नान मंसूरी चांद ने हाफिज सरफराज अनवर कादरी का गुलपोशी कर उनका इस्तकबाल किया इसी तरह गुलदस्ता मस्जिद चैहट्टा के मुतवल्ली साजिद अली अशरफी ने हाफिज स्वाहिलीन का फूल मालाओं से लादकर व तोहफा देकर इस्तकबाल किया। राशिद अली अशरफी, फिरोज राईन, हाजी शान मोहम्मद राईन, इंतिखाब आलम अशरफी उपस्थित रहे। शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाक ी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद कचहरी, मस्जिद राईन साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ार स्टेशन रोड में भी तरावीह में कुरआन पाक पूरा हुआ।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक खाता सं. 33583422184 में मेरा नाम मीना दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों मे मेरा नाम मीना प्रजापति दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे बैंक खाते में भी मेरा नाम मीना प्रजापति दर्ज किया जाये। **श्रीमती मीना प्रजापति पत्नी राम कृष्ण नि.- 181, कुरौनी, पो. व थाना बंथरा, तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ।**

## Notice

I Ravindra Agarwal S/o Late Babu Banarsi Das, resident of 55, Purana Kila, Babu Banarasi Das Nagar, Lucknow 226001 UP, have changed my name from Ravindra Agarwal to Ravindra Kumar Agarwal. Henceforth I would be known by the name of Ravindra Kumar Agarwal for all future purposes.

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम जन्म से मेहल शर्मा है जोकि अब बदलकर कृतिका शर्मा रखा गया है। भविष्य में कृतिका शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। **चन्दन शर्मा पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा नि.- म.नं. 40-41 द्वारिका विहार, नियर घोड़े वाला मन्दिर, मानस इन्क्लेव इन्दिरा नगर, लखनऊ- 226016**

# भाजपा नेता की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार चौहान की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। चौहान मंगलवार सुबह चिलुआताल पुलिस थाना क्षेत्र में अपने घर के पास टहलने निकले थे, तभी उन पर चाकू से कई बार वार किए गए। बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि आरोपियों की पहचान राज चौहान उर्फ निरहुआ और विपिन यादव के रूप में हुई है। दोनों डंपर चालक हैं, जिन्हें मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने पूछताछ के दौरान अपराध कबूल कर लिया और दावा किया कि हत्या बदले की भावना से की गई थी। आरोपियों ने दावा किया कि मृतक के भतीजे ने दो महीने पहले उनमें से एक के साथ मारपीट की थी और राजकुमार चौहान द्वारा अपने भतीजे का समर्थन करने से उनकी नाराजगी बढ़ गई थी। एसएसपी ने बताया कि मंगलवार की सुबह आरोपी घात लगाकर बैठे थे और चौहान पर उस समय हमला कर दिया जब वह टहलने के लिए निकले थे। संदिग्धों में से एक ने गोली चलाई, इससे पहले दोनों ने उन पर चाकुओं से हमला किया, जिससे उन्हें कई चोटें आईं। बाद में चौहान ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना में प्रयुक्त हथियार अभी तक बरामद नहीं हुआ है, लेकिन सीसीटीवी फुटेज से संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया करायी गयी है। मुआवजे और न्याय दिलाने की परिवार की मांगों पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि प्रशासन ने सरकार को वित्तीय सहायता के लिए अनुरोध भेजा है।

# गजपुर सूदखोरी कांड : सनी सैनी सुसाइड मामले में 6 नामजद सूदखोरों पर मुकदमा दर्ज

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गजपुर बाजार में 26 वर्षीय वेडिंग डेकोरेटर सनी सैनी की आत्महत्या का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सूदखोरों के चंगुल में फंसे एक हंसते-खेलते परिवार की बबार्दी की इस कहानी ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गगहा पुलिस ने मृतक की मां संगीता देवी की तहरीर पर 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट, धमकी देने और आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें रामधारी यादव, शेखर यादव पुत्र रामधारी यादव, दिनेश यादव, गुड्डू विश्वकर्मा निवासीगण गजपुर, शैलेन्द्र यादव निवासी कोठा, संतोष कुमार को पीड़ित परिवार ने नामजद आरोपी बनाया है। परिजनों के अनुसार, सनी सैनी ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को अपनी बहन की शादी के लिए इन लोगों से ब्याज पर मोटी रकम उधार ली थी। सनी पेशे से डेकोरेशन का काम करता था, लेकिन मंदी और काम प्रभावित होने के कारण वह समय पर कर्ज की किश्तें नहीं चुका पा रहा था। आरोप है कि कुछ दिन पहले ही इन सूदखोरों ने सनी को रास्ते में घेर लिया था। सरेआम उसे बुरी तरह पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। इस घटना ने सनी के स्वाभिमान को गहरी चोट पहुंचाई और वह गहरे अवसाद में चला गया। मृतक की मां संगीता का आरोप है कि सूदखोरों का दबाव इतना बढ़ गया था कि वे घर आकर गाली-गलौज करते थे। इसी मानसिक दबाव के चलते सोमवार की रात सनी ने अपने कमरे में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामला दर्ज होने के बाद गगहा पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस की अलग-अलग टीमें नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गजपुर और संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है ताकि मारपीट के पुराने निशानों और मौत के समय की पुष्टि हो सके। 6 नामजद के अलावा पुलिस कुछ 'अन्य अज्ञात' लोगों की भी भूमिका की जांच कर रही है जो इस सूदखोरी के नेटवर्क का हिस्सा हो सकते हैं।

## फूलचन्द्र बने अधिशाषी अभियंता ,विद्युत पारेषण खंड कुनैरा का चार्ज संभाला



इटावा। विद्युत पारेषण खंड उप संस्थान कुनैरा के पूर्व में रहे अधिशाषी अभियंता रजनीश कुमार शर्मा का तबादला प्रमोशन के बाद शासन ने लखनऊ कर दिया है वह 20 अक्टूबर सन 19 से 6 जनवरी सन 2026 तक तैनात रहे उनकी जगह पर जिला सुल्तानपुर में एसडीओ के पद पर तैनात रहे फूलचन्द्र को शासन ने इटावा में अधिशाषी अभियंता की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री फूलचन्द्र की इटावा में अधिशाषी अभियंता के पद पर पहली तैनाती है वह इससे पूर्व उन्नाव, मऊ जिले में भी रह चके है वह मूल रूप से मऊ जिले के रहने वाले है उन्होंने जनवरी माह में इटावा आकर अधिशाषी अभियंता का विधिवत रूप से चार्ज संभाल लिया है।

## ट्रक पलटा, दो मजदूरों की मौत

बुलंदशहर। जिले के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रक पलटने से उसके नीचे दबने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना मुबारकपुर गांव के पास हुई जहां गिट्टियों से लदे ट्रक की कमानी टूट जाने से पूरा वजन एक तरफ आ गया और वाहन पलट गया। खुर्जा के पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर काम कर रहे चार लोग ट्रक के नीचे फंस गए जिनमें से दो की मौत हो गई और दो को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। मृतकों की पहचान थाना डिबाई के रहीमकोट गांव निवासी राकेश (30) और पवन (35) के रूप में हुई है। ट्रक सुबह करीब सात बजे पलट गया। इस हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कैदी का एडवांस्ड ओरल कैंसर का सफल ऑपरेशन

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई के चिकित्सकों ने एक बार फिर अपनी चिकित्सीय दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी के एडवांस्ड ओरल मैलिग्नेंसी कैंसर का सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी प्रदान की है। अत्यंत जटिल मानी जाने वाली इस सर्जरी को ईएनटी विभाग और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। संबंधित कैदी भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। चिकित्सकों ने बिना किसी भेदभाव के मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसका उपचार किया। ईएनटी विभाग के डॉ. तेजस्वी गुप्ता, डॉ. संजीव यादव, डॉ. वीरेंद्र एवं डॉ. स्वप्निल की टीम ने ऑपरेशन के दौरान सेगमेंटल की। इसके पश्चात प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. अतुल और डॉ. भूपेश ने फ्लैप तकनीक से जबड़े का पुनर्निर्माण किया। यह जटिल सर्जरी लगभग 8 घंटे तक चली। ऑपरेशन के बाद मरीज को दो दिन आईसीयू में निगरानी में रखा गया, जिसके बाद उसे ईएनटी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर है और वह धीरे-धीरे सामान्य रूप से भोजन ग्रहण कर रहा है। डॉ. तेजस्वी गुप्ता ने बताया कि मरीज लंबे समय से निचले जबड़े में बने अल्सर से परेशान था।

## यूपी बोर्ड मूल्यांकन ठप, शिक्षकों का बहिष्कार

इटावा। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होने से पहले ही रुक गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत काम शुरू होना था, लेकिन बड़ी संख्या में शिक्षक केंद्रों पर पहुंचकर काम बंद कर धरने पर बैठ गए। शिक्षकों की हड़ताल के चलते पूरे जनपद में मूल्यांकन प्रक्रिया ठप हो गई और विभाग की चिंता बढ़ गई है। जनपद में मूल्यांकन के लिए बुधवार को राजकीय इंटर कालेज व इस्लामिया इंटर कालेज को केन्द्र बनाया गया है। यहां करीब एक हजार से अधिक शिक्षक तैनात किए गए थे जिन्हें कुल 2 लाख 52 हजार उत्तर प्रदेश पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है लेकिन हड़ताल के कारण दोनों केन्द्रों पर कापियों को ढेर लग गया है और काम पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित विद्यालय में शिक्षकों के बीच विवाद हुआ था जिस पर एफआईआर दर्ज है और मामला न्यायालय में लंबित है। ऐसे में फिलहाल इस पर कोई कार्रवाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि जल्द समाधान निकालकर मूल्यांकन कार्य शुरू कराया जाए तय समय में इसे पूरा किया जाए।

## न्यायालय सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, जूनियर डिवीजन, कक्ष सं.-43, बाराबंकी**
**वाद सं.- 65/22 अ. 12**
**तारीख पेशी- 09.04.2026**

मंजू आफरीन

**बनाम**

श्री अफ़ज़ल खान पुत्र स्व. शाहिद नि. मोहल्ला- ज्वालानगर रफत कॉलोनी थाना- कोतवाली सिविल लाइन जनपद- रामपुर

आप श्री अफजल खान उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू आफरीन पुत्री आफाक अहमद द्वारा आपके विरूद्ध न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, जूनियर डिवीजन, कोर्ट नं. 43, बाराबंकी में अंतर्गत वाद सं. 65/22, अं. धारा 12, घरेलू हिंसा अधिनियम, थाना- कोतवाली नगर, ज़िला- बाराबंकी के तहत आवेदन दि. 10-03-26 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले 'मंजू आफरीन बनाम अफजल खान' में आपके विरुद्ध सम्मन जारी किये गए थे, जो कि तामील नहीं हो सके हैं। उक्त वाद वास्ते हाज़िरी / जवाबदावा दि. 09.04.2026 नियत है। अतः आपको अवगत कराया जाता है कि आप उक्त तिथि को उपरोक्त न्यायालय के समक्ष अवश्य उपस्थित हों, अन्यथा न्यायालय उपरोक्त के आदेश दिनांकित 10.03.2026 के अनुसार प्रकाशित उक्त प्रकाशन/नोटिस की उपेक्षा करने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश की कार्यवाही की जा सकती है।

## सर्पदंश न्यूनीकरण प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

चरगांवा, गोरखपुर। राहत आयुक्त कार्यालय एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोरखपुर के तत्वावधान में चरगांवा ब्लाक सभागार में सर्पदंश न्यूनीकरण आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में ब्लाक के आशा कर्मियों ने प्रतिभाग किया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोरखपुर के आपदा मित्रों द्वारा सभागार में लगे प्रोजेक्टर से विजुअल जुड़कर आशा कर्मियों को सर्पदंश के न्यूनीकरण प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण दिए गए।

## युवक ने अपना गला रेता, मानसिक तनाव में था

इटावा। मानसिक तनाव और पारिवारिक विवाद के चलते फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। मंगलवार रात युवक ने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल से सैफई मेडिकल कालेज रिफर किया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया और इलाके में सनसनी फैल गई। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के आजादनगर स्थित तकिया ट्रांसपोर्ट निवासी शोएब 30 पुत्र रईस मंगलवार रात करीब आठ बजे घर पर था। इस दौरान अचानक उसने हथियार उठाकर अपना गला रेत लिया। खून से लथपथ हालत में उसे देखकर घरवालों व आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# बाबा बाघेश्वर का वार्षिकोत्सव संपन्न



**पाटन, उन्नाव।** तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम अढौली में बाबा बनके वीर बाबा बाघेश्वर धाम का वार्षिकोत्सव समारोह मंदिर में हवन, पूंजन, कन्या भोज, फाग व जवाबी कीर्तन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान राम भरोसे सिंह ने आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। वही फाग टीम ने शोभा का वरणौ वहि दिन की जैसे भजन प्रस्तुत किये। इसी क्रम में उरई जालौन के अजय विजय व प्रयागराज के रणजीत राज रेडियो सिंगर के सक्षम कलाकारों द्वारा जवाबी कीर्तन में जबाब सवाल, सवाल जवाब के बीच श्रोता कीर्तन संध्या का रात भर आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता अविचल शुक्ला ने बाबा के चरणों में नमन बंदन करने के पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के परमधाम में यह कार्यक्रम गांव व क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सनातन धर्म के प्रति आस्था के साथ आपसी सामंजस्य भी स्थापित होता है। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संयोजक चंद्र किशोर सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन कवि पिंटू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद लोधी, वीरेंद्र सिंह, रामविलास सिंह, रामनरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, रणविजय सिंह, अरुण बहादुर सिंह, रामशरण सिंह, रोहित सिंह, संतोष सिंह, बाबू लोधी, लल्लन सिंह, सूर्यबली सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति की मौत

इटावा। भरथना-किशनी मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपति को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपनी बेटी के विवाह के लिए लड़का देखने एटा जा रहे थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई और परिजन का रो रोकर बुरा हाल हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया सरावा निवासी ध्रुव सिंह अपनी पत्नी संतोषी देवी के साथ बाइक से एटा जिले के ग्राम सरसोत जा रहे थे जैसे ही वह घटनास्थल पर पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार डंफर ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक को रौंद दिया टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ध्रुव सिंह व संतोषी देवी सुबह करीब साढ़े 8 बजे घर से निकले थे वे अपनी बेटी प्रियंका की शादी के लिए रिश्ता देखने एटा के ससोत गांव में रहने वाली अपनी बहन मिथिलेश के घर जा रहे थे घर से निकलते समय उन्होंने बताया था कि काफी समय से रिश्तेदारों से मुलाकात नहीं हुई है इसलिए सभी से मिलकर आएंगे लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनका आखिरी सफर साबित होगा।

## अनाथ आश्रम में बच्चों संग मनाया गया जन्मदिन, वितरित की शैक्षिक सामग्री

नवाबगंज, उन्नाव। आभार फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम पंचायत कुसुम्भी स्थित अनाथ आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रम के बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष की पत्नी अंजली चैधरी एवं कोषाध्यक्ष अनुज चैधरी ने सभी बच्चों को आर्ट सामग्री, कलर, पेन और किताबों सहित उपयोगी शैक्षिक किट वितरित की। इस अवसर पर कुल 50 बालिकाएं शामिल रहीं, सामग्री पाकर उनमें खासा उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन में आभार फाउंडेशन के अध्यक्ष अंकित कुमार समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला सचिव आशीष राठौर, जिला सचिव राजेंद्र विमल, सदस्य आर्यन, क्रेश, मोहित चैधरी, नेहा चौधरी, अद्विक चैधरी, शीतल, पलक, यश, निखिल वर्मा, लक्ष्मी प्रजापति, नंदनी एवं आश्रम की शिक्षिका रुपाली सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा एक सामूहिक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उन्होंने अपने शैक्षिक एवं रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।

# भारी भरकम बिजली के बिल ने ली वृद्ध की जान

## बिल सही कराने के लिए अधिकारियों के तीन माह से लगा रहा था चक्कर, हार्ट अटैक से मौत

जिला संवाददाता

**भरथना, इटावा।** स्मार्ट मीटर लगने के कुछ महीनों बाद मात्र तीन माह में एक लाख साठ हजार रूपया बिजली बिल देख चिन्तित घर के इकलौते कमाऊ 55 वर्षीय वृद्ध की सदमें में आकर ह्रदयगति रूक जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। इससे पूर्व अतिरिक्त बिल संशोधित कराने के लिए वृद्ध उपभोक्ता अपना हथठेली पर चाय बिक्री का काम बन्द कर करीब एक माह से बिजली विभाग के कार्यालय में अधिकारियों के चक्कर काट रहा था। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व अनसुनी के चलते वृद्ध हताश होकर अपने प्राण त्याग बैठा। जिससे परिजनों में बुरी तरह कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने विद्युत कार्यालय पर शव रखकर अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की माँग करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना की जानकारी होते ही बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी कार्यालय में ताला बन्दकर मौके से नौ दो ग्यारह हो गये। कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर निवासी 55 वर्षीय वृद्ध शिवकुमार कश्यप के यहाँ बीते माह सितम्बर, 2025 को स्मार्ट मीटर लगाया गया था। तब से उनका बिल लगातार ज्यादा आ रहा था, किन्तु कुछ दिन पूर्व मात्र तीन माह का विद्युत बिल एक लाख साठ हजार रूपया का मैसेज देखकर वह लागातार चिन्तित थे और अपना हथठेली पर चाय बिक्री का काम छोडकर बिल



संशोधन के लिए लगातार भरथना, इटावा, सुन्दरपुर आदि बिजली कार्यालय पर अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। किन्तु विभागीय अधिकारी समस्या का समाधान न निकालकर वृद्ध को इधर से उधर चक्कर कटवाये जा रहे थे। मृतक की पत्नी सीमा देवी, पुत्री राखी, पुत्र सत्यम कुमार ने बताया कि जब से उनके घर स्मार्ट मीटर लगा है। तब से विद्युत बिल अत्यधिक आ रहा है। जबकि उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, पिता हथठेला पर चाय बिक्री का कार्य करते हैं, जिसके चलते उनके घर में भी विद्युत के ऐसे कोई उपकरण नहीं है, जिनसे इतना ज्यादा बिल आ सके। एक लाख साठ हजार रूपया का बिल देखकर वह अत्यन्त मानसिक तनाव में रहते थे। कई बार परिजनों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, किन्तु गलत बिल को संशोधित कराने में अधिकारियों से कोई सहयोग न मिलने पर वह ज्यादा परेशान थे। जिसके चलते मंगलवार की रात्रि उनकी ह्रदयगति रूक जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। विद्युत कार्यालय पर मृतक का शव रखकर परिजनों द्वारा किये जाने वाले विरोध की जानकारी होते ही पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, मंडल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बंटू गौर, व्यापार मंडल अध्यक्ष बंटी पोरवाल, रज्जन पोरवाल आदि के हस्तक्षेप के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों को कार्यालय पर बुलाया गया। मौके पर पहुँचे अधिकारियों ने सम्बन्धित बिल को शून्य करने की बात कहकर कुछ नगद आर्थिक सहयोग किया तथा तहसीलदार दिलीप कुमार सिंह ने शासन से जो भी आर्थिक सहयोग होगा, वह दिलाने का भरपूर आश्वासन दिया। तब कहीं 11 बजे से चल रहा विरोध प्रदर्शन दोपहर करीब 2 बजे समाप्त हुआ और मृतक का अन्तिम संस्कार किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- पदुमरा बेनीसांगो, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-18.03.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-पदुमरा बेनीसांगो, विकासखंड- कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 19.03.2026 से दिनांक- 23.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- पदुमरा बेनीसांगो पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से रामबुझ के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.51 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**-समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- पदुमरा बेनीसांगो, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-18.03.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट, विकासखंड- कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक- 19.03.2026 से दिनांक- 23.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से बब्बन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.67 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सहदेव के घर से अतुल के घर की तरफ इंटरलाकिंग कार्य। | 4.91 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- सलीमपुर ग्रंट, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

906/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

आजमगढ़। मंडलीय जिला चिकित्सालय स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में सत्र 2025-26 के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं का मंगलवार को लैंप लाइटिंग (दीपशिखा ग्रहण) एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनआर वर्मा एवं एडिशनल सीएमओ डॉ. उमाशरण पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि नर्सिंग सेवा का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं जिम्मेदारीपूर्ण है। दीपशिखा ग्रहण का यह प्रतीक प्रशिक्षुओं को मानव सेवा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सहानुभूति के साथ करें। कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को नर्सिंग सेवा की शपथ दिलाई गई।

## पुलिस ने वापस कराये साइबर फ्रॉड के 9988 रुपये

आजमगढ़। रौनापार थाना की साइबर सेल की पुलिस ने बुधवार को साइबर फ्रॉड के पीड़ित के 9988 रुपये उसके खाता में वापस कराए। सोनबुजुर्ग गांव निवासी मो. अमान के साथ दिसंबर 2025 में 25 हजार की साबर ठगी हुई थी। पीड़ित ने 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। रौनापार थाना क्षेत्र की साइबर सेल ने 9988 रुपये होल्ड कराए थे। विधिक कार्रवाई कर पीड़ित के बैंक खाता में बुधवार के 9988 रुपये वापस कराए।

## मड़हे में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोठी गांव में बुधवार सुबह करीब 7 बजे अज्ञात कारणों से रिहायसी मड़हे में आग लग गई जिससे मड़हे में रखा गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। जिस समय आग लगी उस समय घर के सदस्य खेत पर काम करने गए थे। आग लगने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचकर डिब्बा बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक आग बुझती तब तक गृहस्थी का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के कोठी गांव निवासी पीड़ित बाबूलाल कोल पुत्र मुकुंदी कोल ने बताया कि मड़हे में ही रहकर पूरा परिवार जीवन व्यतीत कर रहा है। आज सुबह घर के सदस्य खेत पर काम करने गए थे कि अज्ञात कारणों से मड़हे में आग लग गई। जिससे मड़हे में रखा चारपाई, बिस्तर, आटा, चावल, गेहूं समेत गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ने बताया कि हल्का लेखपाल को मोबाइल के माध्यम से आग लगने की सूचना देने का प्रयास किया गया। लेकिन लेखपाल का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़ित बाबूलाल कोल ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## हादसे में एक की मौत, पांच घायल

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर शाहगंज मार्ग पर कोईरिडिहा-बाजार के पास बुधवार को पूर्वाह्न कार ऑटो की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, बताते है कि एक ऑटो रिक्शा सवारी लेकर जौनपुर-शाहगंज मार्ग से जौनपुर शहर की ओर जा रहा था। जैसे ही ऑटो कोरीडिहा बाजार के पास पहुंचा, तभी शाहगंज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक इनोवा कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो रिक्शा सड़क किनारे खंदक में जा गिरा। हादसे में ऑटो सवार पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में इलाज के दौरान खुटहन थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी 58 वर्षीय बैजनाथ गुप्ता को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों में खेतासराय क्षेत्र के सुंभुलपुर निवासी गुलाब गुप्ता (45), नीतू (38), आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी निलेश (22) तथा कोतवाली क्षेत्र के पानदरीबा निवासी इस्तेखार (22) शामिल हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

# विभाग निर्धारित अवधि में पूर्ण करें लक्ष्य: डीएम



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, श्री सिंह ने एनआरएलएम समूह के खाते बैंकों में खोलने व उन्हें लोन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की, इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के प्रगति के लिए समीक्षा की, उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के छात्रों के फार्म विद्यालयों से जल्द से जल्द अग्रसारित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करनाा सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीएएसके राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री आवास योजना में 20 हजार आवास स्वीकृत

जौनपुर। मुख्यमंत्री ने लोक भवन सभागार, लखनऊ से उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक पुस्तक नवनिर्माण के 9 वर्ष का विमोचन किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसे सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिन्सू, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर श्रीमती मनोरमा मौर्या, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुवव खाड़िया सहित अन्य की उपस्थिति में देखा गया और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया।

सदस्य विधान परिषद ने बताया कि महिला सुरक्षा और सम्मान के दृष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यटन निवेश, उद्योग के क्षेत्र में लगातार रोजगार के अवसर सृजित हो रहे है। 8 नए हवाई अड्डा का विकास कार्य चल रहा है राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 2016-17 में 2.96 लाख करोड़ रुपए था जो 2024-25 में बढ़कर 6.95 लाख करोड़ रुपए हो गया है। जनपद में एक्सप्रेस वे कनेक्टिविटी, फोर लेन और सड़को के चैडीकरण, सुदढीकरण के साथ ही नयी सड़को का जाल बिछाया गया है। जिला अस्पताल में मरीजों का सुगमता पूर्वक ईलाज किया जा रहा है और मेडिकल कालेज में भी प्रतिदिन लगभग 2500 ओपीडी देखी जा रही बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत 2016 से अब तक 97 हजार 647 आवास स्वीकृत हुए है। मुख्यमंत्री आवास योजना में 2019 से अब तक 20 हजार 292 आवास स्वीकृत किये गये है। वृद्वावस्था योजना में 2 लाख 22 हजार, निराश्रित महिला पेंशन योजना में 95 हजार 24, दिव्यांग पेशंन में 28 हजार 518, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्न्तगत 1371 जोडों का विवाह इस वर्ष और आगामी जौनपुर महोत्सव में लगभग 800 जोडो का विवाह होना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक 403934 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा



बीजपुर/सोनभद्र। गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे पवित्र चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां दुधहिया देवी मंदिर प्रांगण में रामानंदीय अखिल भारतीय संत सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हो रहे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की जीवन गाथा से संबंधित श्री राम कथा से पूर्व बुधवार की सुबह प्राचीन श्री बेड़िया हनुमान मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कलश शोभा यात्रा में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी।

गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री राम कथा से पूर्व बुधवार को श्री बेड़िया हनुमान मंदिर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही इस दौरान 1100 श्रद्धालु महिलाएं, बालिकाएं अपने सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों व जयकारों के बीच मंदिर परिसर से पैदल ही बीजपुर बाजार, स्वागत गेट, एनटीपीसी कॉलोनी, कांट्रैक्टर कॉलोनी होते हुए इंटकवेल पहुंची जहां से विद्वान साधु संतों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गोविंद बल्लभ पंत सागर से कलश में जल भर के वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर कलश स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह व जोश नजर आया, श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा व भक्तिमय नजर आया। श्री बेड़िया हनुमान मंदिर के संयोजक महंत श्री मदन गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि गुरुवार 19 मार्च से श्री राम कथा सायं 4रू बजे से 7 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक महंत श्री राम मोहनदास रामायण जी महाराज, हिमाचल प्रदेश के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जाएगा। उन्होंने बताया की प्रभु श्री राम की कृपा व सभी भक्तों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा आस्था तथा परंपरा के प्रतीक श्री राम जन्मोत्सव एवं श्री राम कथा का आयोजन श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

# कायस्थ समाज ने पंकज श्रीवास्तव का किया सम्मान



जौनपुर। कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद पंकज श्रीवास्तव ह्यहैप्पीह्न का कायस्थ समाज के लोगों ने माल्यार्पण, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कायस्थ बंधुओं को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिवध्जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पंकज श्रीवास्तव का सभासद पद पर नामित होना पूरे कायस्थ समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पंकज समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और समाज का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जय आनंद, आशीष श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य संजीव श्रीवास्तव ने न उन्हे कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और जनसेवा को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। पंकज श्रीवास्तव ह्यहैप्पीह्न ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यहां तक पहुंचने में जिन लोगों का सहयोग और समर्थन मिला है, वे उनके सदैव आभारी रहेंगे। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। श्याम रतन श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, अमित निगम सहित अनेक गणमान्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। संचालन महासचिव संजय अस्थाना द्वारा किया गया।

## पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल करने वाले तीन गिरफ्तार

आजमगढ़। रौनापार थाना की पुलिस ने बुधवार को डीजे बजाने को लेकर पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल करने वाले तीन लोगों को पकड़ा है। सिकंधोपुर निवासी शिवम यादव से 11 मार्च की रात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विपक्षी से विवाद हुआ था। घर जाते समय विपक्षी ने हमला कर दिया। बीच बचाव में आए पिता रामकेश यादव को भी मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर बुधवार को पुलिस ने आरोपी प्रदीप यादव, दीपक यादव और आशीष यादव निवासी सिकन्धोपुर थाना रौनापार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# बीएड अभ्यर्थियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

मीरजापुर। युवा भारत एवं एमबी योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जनता महाविद्यालय कोलना चुनार में बीएड अभ्यर्थियों के पांच दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन राष्ट्रीय योगासन जज योगगुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। जिसमें मुख्य रूप से नमस्कारासन, हस्तोतानासन, पादहस्तासन, वाम अश्वसंचालान, पर्वत आसन, अष्टांगनमनासन, भुजंगासन दक्षिण अश्वसंचालन जैसे आदि विशेष आसनों सुसज्जित योग का अभ्यास कराते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार ही एकमात्र केवल ऐसा अभ्यास है जिसका नित अभ्यास कर मनुष्य जीवन स्वस्थ समृद्ध और खुशहाल हो सकता है। योग गुरु ने बीएड अभ्यर्थियों को इसके विशेष लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार आठ शक्तिशाली आसनों व कुल बारह अभ्यासों योग का एक समूह है। जो संपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन है। यह शरीर को लचीला बनाता है, वजन घटाने में मदद करता है। पाचन तंत्र सुधारता है और तनाव कम करता है। नियमित अभ्यास से हृदय स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। सूर्य नमस्कार संपूर्ण वर्कआउटः यह शरीर के लगभग सभी प्रमुख मांसपेशी समूहों (पेट, कमर, पैर, हाथ, कंधे) को मजबूत करता है। लचीलापन और मजबूती इससे रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है और शरीर में मजबूती आती है। वजन और चर्बी कम करना यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे पेट और जांघों की अतिरिक्त चर्बी कम करने में मदद मिलती है।

# केन्द्र व प्रदेश की सरकर मुद्दों पर विफल: पल्लवी पटेल

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। मड़ियाहूं विधान सभा क्षेत्र के रानीपुर चैराहे के बगल में अपना दल नेता व सिराथू विधायक डां पल्लवी पटेल ने मण्डलीय समता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार यूजीसी लागू करने का काम करें तथा ओबीसी समाज की जातिगत जनगणना जल्द से जल्द करायें। कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर सरकार पुरी तरह से विफल है। यह सरकार सिर्फ भाषण में काम कर रही है।

यूजीसी, आरक्षण वह जाति जनगणना को लेकर कहा की सरकार अगर बहुजनों समाज की मांग नहीं मानती है तो आने वाले समय में यही बहुजन समाज के लोग इस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। विधायक ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पुरे प्रदेश में गुण्डा राज और अराजकता का माहौल बना हुआ है। देश व प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। बोरोजगारों की एक लम्बी कतार लगी हुई है। प्रदेश में दिन प्रतिदिन कहीं ना कहीं लूट, हत्या, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हो रही हरिश खान, अभय पटेल, राजेश पटेल, गगन यादव ने भी अपना विचार व्यक्त किय संचालन उमेश पटेल व अध्यक्षता अवधेश सरोज ने किया। संयोजक दीनानाथ सरोज रहे। अरविन्द कुमार पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष, राम चन्द्र पटेल, हरी प्रसाद सरोज, दीपक, राम श्रृंगार पटेल, रविन्द्र पटेल, हेमा पटेल, बसन्ती मौर्या, राम चन्दर कन्नौजिया, योगीराज पटेल, वृजेन्द्र पटेल, मुन्ना पटेल, अशोक पटेल, संदीप गिरी, डां. सुरेश पटेल आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल का प्रमुख आस्था केंद्र चौकिया धाम



जिला संवाददाता

जौनपुर। नगर में चौकिया धाम (शीतला माता मंदिर) नवरात्र में पूर्वांचल का प्रमुख आस्था केंद्र है। यहाँ मां शीतला का दर्शन विंध्याचल यात्रा से पूर्व अनिवार्य माना जाता है, जिससे यात्रा सफल होती है। नवरात्र में यहाँ लाखों श्रद्धालु मनोकामना पूर्ति के लिए कड़ाही चढ़ाते हैं, मुंडन संस्कार कराते हैं और कुंड में स्नान कर सुख-समृद्धि पाते हैं।

मान्यता है कि मां विन्ध्यवासिनी की पूजा से पहले माता शीतला चैकिया के दर्शन करना आवश्यक है, अन्यथा यात्रा अधूरी मानी जाती है। नवरात्र के दौरान, विशेषकर सातवें दिन, भक्तों की लंबी कतारें लगती हैं और माहौल भक्तिमय हो जाता है।

धार्मिक अनुष्ठानरू यहाँ कड़ाही चढ़ाने मुंडन संस्कार कराने और माता के दर्शन करने का विशेष रिवाज है। रोग मुक्ति का कुंडरू मंदिर परिसर में एक पवित्र कुंड है, जिसके बारे में मान्यता है कि उसमें स्नान करने से चर्म रोग और अन्य बीमारियों से मुक्ति मिलती है। चौकिया धाम में माता शीतला को नवदुर्गा का छोटा रूप माना जाता है और नवरात्र में यहाँ पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। ज्ञात हो कि शीतला मातारानी चैकिया धाम पूर्वाचल के विभिन्न जनपदों के लाखों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। माता शीतला को नव दुर्गा की छोटी बहन के रूप में जाना जाता है। पुराणों में भी इसका विशेष उल्लेख है.। यह एक पीठ के रूप में पूर्वाचल के लोगों में मशहूर है। यही कारण है कि पूर्वाचल के गोरखपुर, देवरिया, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, सुलतानपुर समेत विभिन्न जनपदों से नवरात्र में भारी संख्या में महिलायें-पुरुष-वृद्ध एव नौजवान आते हैं। यहां उपनयन, मुण्डन,.जनेऊ संस्कार के साथ विवाह भी सम्पन्न होते हैं. मनौती के अनुरूप लोग कड़ाही करके लप्सी और सोहारी भी यहां मां के चरणों में अर्पित करते हैं.। सात देवियोंमें मां शीतला सबसे छोटी है लेकिन इनका स्थान इन सभी मे सबसे प्रमुख है.। मां के दर्शन के लिये हर सोमवार व शुक्रवार को युं तो भारी भीड़ होती है, लेकिन अगर मौका नवरात्रि का हो तो श्रद्धालुओ का तांता देर रात तक मां के दरपर नजर आता है।.कहा जाता है कि यहां के दर्शन के बाद ही मैहर देवी, वैष्णों देवी व विध्यवासिनी देवी का दर्शन सफल होता है।

# गैस किल्लत के विरोध में महिला सभा का प्रदर्शन



जौनपुर। प्रदेश सचिव समाजवादी महिला सभा उषा जायसवाल द्वारा गैस की लगातार किल्लत को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नाली से गैस बनाने की विधि का प्रयोग किया गया। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि महिलाओं ने घर की एलपीजी गैस सिलेंडर की समस्याओं को देखते हुए नाली से गैस बनाने की विधि जो प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई विधि है इसका प्रयोग किया गया परंतु प्रधानमंत्री का यह प्रयोग कोरा झूठ साबित हुआ। कहा कि पूरा देश एलपीजी गैस की समस्याओं से जूझ रहा है लगातार उन बढ़ रही कीमतों का सामना कर रहा है परंतु ना तो गैस की कीमतें रुकने का काम कर रही हैं और ना ही एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो पा रही है ऐसी दशा में आम आदमी मौजूदा बीजेपी की सरकार द्वारा लगातार ठगा जा रहा है जिसे हम समाजवादी महिला सभा प्रमुख रूप से प्रत्येक रसोई की समस्याओं का सामना हम महिलाएं कर रहे हैं यह सांकेतिक विरोध तब तक चलता रहेगा जब तक एलपीजी गैस की बड़ी हुई कीमतें सरकार वापस नहीं लेती और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं होती है। पूनम यादव पिंकी गुप्ता सुशील यादव मालती निषाद शिल्पा जायसवाल प्रीति जायसवाल चंदा निषाद पूनम निषाद समेत तमाम महिला नेता मौजूद रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का एक आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के मेहनाजपुर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर विभिन्न सरकारी संस्थानों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 12 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। पीड़ित द्वारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, अभियुक्त फूलेन्दर राम ने एम्स, रेलवे सहित अन्य विभागों में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर कई किश्तों में बड़ी रकम वसूल ली। जब काफी समय बाद भी नौकरी नहीं लगी तो पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगा, जिस पर आरोपी ने रकम लौटाने से इनकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना मेहनाजपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य के आधार पर धाराओं में बढ़ोत्तरी भी की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी लालगंज के पर्यवेक्षण में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी को उसके गांव बरेहता के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 सुभाष तिवारी, चौकी प्रभारी लालगंज, थाना देवगांव, का0 कमलेश सरोज, थाना देवगांव शामिल रहे।

## खुलासा: ट्रेलर चालक की लापरवाही से मां-बेटी व पिता की गयी थी जान

लालगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित बस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज पर विगत शनिवार को पति-पत्नी व बेटी हुई सड़क हादसे में दर्दनाक घटना का फुटेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें ट्रेलर चालक द्वारा खतरनाक तरीके से वाहन को चलाते हुए बाइक सवार गाजीपुर निवासी मनोज चौधरी उनकी पत्नी रीना और बेटी सौम्या को रौंदते हुए विपरीत लेन पर ओवरब्रिज पर पहुंच गया। संयोग ठीक था की उस समय दूसरे देश पर कोई वाहन नहीं आया। फुटेज में सामने आया है की एक ट्रैक्टर और स्कार्पियो वाहन भी ट्रेलर के चपेट में आते आते बच गए थे। इस घटना का फुटेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है। हालांकि इस घटना में ट्रेलर चालक भी घायल हुआ है जिसका इलाज चल रहा है। गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के हरीबल्लवपुर तिवारीपुर निवासी 38 वर्षीय मनोज चौधरी अपनी पत्नी 35 वर्षीया रीता और 12 वर्षीया बेटी सौम्या के साथ बाइक से मध्यप्रदेश जा रहे थे। पत्नी व बेटी की घटनास्थल पर मौत हो गई थी और पति मनोज चौधरी की अस्पताल पहुंचने पर मृत्यु हो गई थी।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर अल्पना यादव ने एडमिशन मेरिट सूची में पाया 11वां स्थान

मीरजापुर। जिले के विकास खंड कोन क्षेत्र के विजय लक्ष्मी पब्लिक स्कूल गड़गेडी.की छात्रा अल्पना यादव ने नवोदय विद्यालय प्रवेश उत्तीर्ण कर एडमिशन मेरिट सूची में स्थान पाया है। इस उपलब्धि से अल्पना में अपने क्षेत्र विद्यालय और विकास खंड का नाम रोशन किया है। अल्पना यादव ने जनपद में 11वां स्थान प्राप्त किया है। अल्पना यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता-पिता को दिया है। अल्पना यादव के नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर गांव क्षेत्र और विद्यालय में खुशी का माहौल है। विजय लक्ष्मी पब्लिक स्कूल गड़गेडी.के प्रधानाचार्य वीरेंद्र यादव समेत समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा को सम्मानित किया। इस दौरान टीएससिटी जिला संयोजक रविंद्र कुमार यादव ने छात्रा को बधाई देते हुए बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने वाले छात्रों को कक्षा 6 से 12वीं तक मुक्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। इन विद्यालयों में छात्रों को निशुल्क आवास भोजन वर्दी पाठ्य-पुस्तकों और स्टेशनरी जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा यात्रा भत्ता और कंप्यूटर शिक्षा जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है, जो ग्रामीण और मेधावी छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर पर गत 14 मार्च 2026 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सन्तनगर पर मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी सन्तनगर को निर्देश दिए गए। उपरोक्त अभियोग में कार्यवाही करते हुए बुधवार को उपनिरीक्षक जियालाल यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी पंचू पुत्र पग्गल निवासी तुलसीपुर थाना सन्तनगर को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## कोर्ट ने सदर तहसीलदार का वेतन रोका

जौनपुर। जनपद में अदालती आदेश की अवहेलना पर जौनपुर की एक अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए लखनऊ के जौनपुर सदर तहसीलदार का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। यह आदेश सड़क दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के न्यायाधीश मनोज कुमार अग्रवाल ने जारी किया है। साथ ही इस संबंध में लखनऊ के जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। मामला महाराजगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी हरिश्चंद्र निषाद (36) की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से जुड़ा है। 20 अक्टूबर 2022 को ट्रैक्टर की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई थी। मृतक हरिश्चंद्र गुजरात में लेबर कॉन्ट्रैक्टर के रूप में कार्यरत थे। घटना के बाद उनकी पत्नी निशा और बच्चों ने अधिवक्ता के माध्यम से ट्रैक्टर मालिक, चालक और मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति का दावा दायर किया था। सुनवाई और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने 25 जुलाई 2025 को ट्रैक्टर चालक की लापरवाही मानते हुए बीमा कंपनी को दो माह के भीतर 63.60 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि अदा करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद पीड़ित परिवार को राशि दिलाने के लिए जारी राजस्व वसूली प्रमाणपत्र (आरसी) पर तहसील प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने इसे आदेश की अवहेलना मानते हुए तहसीलदार (सदर), लखनऊ के खिलाफ वेतन रोकने का निर्देश जारी किया है।

## इफ्तार में मांगी गयी विश्व शान्ति के लिए दुआ

जौनपुर। इस वर्ष भी गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल जलालपुर कस्बा स्थित द मर्सी क्लब के प्रांतीय चेयरमैन एजाज अहमद के आवास पर इफ्तार पार्टी में मंगलवार शाम को देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कस्बा के व्यापारी रतन लाल मौर्या ने कहा कि हम क्षेत्रवासियों का यह हमेशा प्रयास है कि आपसी सौहार्द बना रहे हम लोग एक दूसरे के समुदाय के समस्त त्यौहारों को मिलजुलकर मानते रहे है और आगे भी यह कायम रहेगा भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि एजाज भाई को इस तरह इफ्तार कराने के लिए बधाई है। क्लब संरक्षक संकठा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि एजाज जी सभी समुदाय के लोगो को एक धागा में पिरो के चलते है इफ्तार के बाद हाफिज मेराज ने नमाज अदा की और सभी लोग मिलकर विश्व शान्ति के लिए दुआ मांगी इस अवसर पर परवीन हॉस्पिटल के डा अकील अहमद, इमरान, प्रेम बहादुर, इकराम, मोहमद आरिफ आदि लोग रहे।

## हज यात्रियों के नियमों में किये गये बदलाव

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि हज यात्रियों के नियमों में कई बदलाव किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार यात्रा को व्यवस्थित, तकनीकी व सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया है। हज यात्रियों को स्मार्ट वाच दी जाएगी। इससे वे अगर यात्रा में बिछुड़ेंगे तो जानकारी हो सकेगी। खानपान के लिए कैटरिंग की व्यवस्था की जाएगी। अब तक स्वयं ही खाना बनाना पड़ता था। हज कमेटी आफ इंडिया की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च तक हज यात्रा की अंतिम किस्त जमा कराई गई है, लेकिन इसमें कैटरिंग की व्यवस्था नहीं की है। सभी यात्रियों को इस मद में राशि बाद में जमा करनी होगी। इससे यात्रियों को अलग से भोजन की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने सभी जिलों को जारी निर्देश अनुसार कैटरिंग के माध्यम से खाना उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक हज यात्री को स्मार्ट वाच भी दी जाएगी। यह वाच डेटा केबल से रिचार्ज होगी। इसमें यात्री की पूरी जानकारी होगी। यह जीपीएस से भी जुड़ी होगी। इससे किसी भी समस्या या रास्ता भटकने की स्थिति में मदद मिल सकेगी।

# चीनी निवेश को अनुमति

गलवान में चीन से धोखा मिलने और भारतीय जवानों की शहादत के बाद भारत सरकार ने एफडीआई नीति में बदलाव किया था जिसके बाद चीन का भारत निवेश कठिन हो गया था। गलवान झड़प को छह साल होने वाले हैं, अब सरकार ने एफडीआई नीति में जो संशोधन किया है, उससे एक बार फिर से चीनी कंपनियों को भारत में निवेश की बाधाएं समाप्त हो गयी हैं। इससे चीन का निवेश भारत में आयेगा। लेकिन इससे भविष्य में क्या चुनौतियां उत्पन्न होंगी और कहीं यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर तो नहीं करेगा, यह सब देखने-समझने और सतर्क रहने वाली बात है। 2020 के प्रेस नोट-3 के तहत चीन सहित पड़ोसी देशों से निवेश के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। वर्ष 2020 के प्रेस नोट-3 में बनाए गये नियमों के तहत चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए अभी तक पहले सरकारी मंजूरी लेनी पड़ती थी। इसमें यह भी प्रावधान था कि चाहे निवेश किसी भी अन्य देश के माध्यम से आया हो, लेकिन यदि इसका लाभकारी




स्वामित्व इन पड़ोसी देशों में स्थित हो, तो भी पूर्व सरकारी मंजूरी का यह प्रावधान लागू होता है। प्रेस नोट-3 से पहले भारत में अधिकांश क्षेत्रों से विदेशी निवेश स्वचालित मार्ग से आता था। गौरतलब है प्रेस नोट-3 का मुख्य उद्देश्य चीन से आने वाले निवेश के रास्ते में रुकावट लगाना था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में खटास आ गई। उस दौर में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए न केवल चीन से पूंजी निवेश पर रुकावटें खड़ी की, बल्कि टिकटॉक समेत 200 से अधिक मोबाइल एप्लीकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि गलवान झड़प के बाद पिछले 5 सालों से अधिक समय से चीन ने सीमा विवाद खड़े करने समेत ऐसी कोई बड़ी आपत्तिजनक हरकत नहीं की है, लेकिन पूरी दुनिया में इस बात को लेकर मतैक्य है कि चीन द्वारा विभिन्न माध्यमों से जासूसी करने और कंप्यूटर प्रणाली को हैक करने की सदैव प्रवृत्ति रही है, और इसमें कोई सुधार अभी तक नहीं हुआ है और न ही सुधार की कोई आशा है। पिछले 5 सालों से अधिक समय से चीन के निवेश पर जो बंदिशें लगी हुई थी, अचानक उन्हें हटाने पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि ऐसा क्यों किया गया? छानबीन करने पर पता चलता है कि इस संबंध में नीति आयोग की सिफारिशें चीनी निवेश पर रोक हटाने का सबसे बड़ा कारण बनी। देखा जाये तो इन बंदिशों के कारण अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच चीन से एफडीआई भारत में आने वाली कुल एफडीआई का मात्र 0.32 प्रतिशत यानी 2.51 अरब डालर रहा। लेकिन जहां चीन से आने वाली एफडीआई कम होती गई, इस दौरान चीन से बढ़ते आयातों के चलते चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2024-25 में 99.2 अरब डालर तक पहुंच गया। प्रेस नोट-3 के लागू होने के पहले भारत के स्टार्टअप में चीनी निवेशक बड़ी मात्रा में निवेश कर रहे थे। लेकिन 2020 के बाद सरकारी मंजूरी की बाध्यता के कारण चीनी निवेश धीमा हो गया। यही नहीं इस दौरान चीन की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को न केवल नए ठेकों से बाहर किया गया, बल्कि जिन ठेकों के बारे में निर्णय लंबित था, उनसे भी चीन को बाहर कर दिया गया। क्या है नीति आयोग की सिफारिशें : सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने दो विकल्प सरकार के सामने रखे। पहला कि प्रेस नोट-3 को निरस्त कर दिया जाए और चीन से निवेश पूर्व की भांति बहाल किया जाए। नीति आयोग ने दूसरा विकल्प यह दिया कि चूंकि 2020 के बाद चीनी निवेश पर बंदिशें लगाने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रभावित हुआ है, इसलिए किसी भी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वाले निवेश पर बिना किसी अनुमति के निवेश खोल दिया जाना चाहिए। निवेश को खोलना ठीक है लेकिन चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि चीन साजिशें करता रहता है।

### विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# मातृत्व पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



लोकमित्र गौतम

> अगर सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले को डिकोड करें तो पता चलता है कि यह सिर्फ गोद लिए गये किसी भी उम्र के बच्चे के लिए समान मातृत्व अवकाश की बात भर नहीं है बल्कि इससे आगे मां की परिभाषा को जैविक से आगे ले जाकर सामाजिक और भावनात्मक बनाने की प्रक्रिया भी है।

बीते 17 मार्च 2026 को देश की सर्वोच्च अदालत ने गोद लिए बच्चे के लिए 12 हफ्ते की छुट्टी का फैसला सुनाकर हाल में सुनाये गये अपने ऐतिहासिक फैसलों की फेहरिस्त में एक और फैसला जोड़ा। भारत में अब तक मातृत्व की परिभाषा में सिर्फ जन्म देने वाली मां को ही देखा जाता था। लेकिन बदलते सामाजिक ढांचे और पारिवारिक संरचनाओं के बीच न्यायपालिका ने गोद लिए बच्चे के लिए भी 12 सप्ताह के मातृत्व अवकाश का निर्णय सुनाकर, मातृत्व की परिभाषा में व्यापक और ऐतिहासिक विस्तार किया है। इस फैसले के बाद सामाजिक ढांचे और पारिवारिक संरचनाओं के बीच मां का अस्तित्व सिर्फ जन्म देने वाली मां तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उस मां को भी वही महत्व दिया जायेगा, जिसने किसी और के जन्म दिए गए बच्चे को अपने बच्चे के रूप में पालती है। कहने का मतलब गोद लिए बच्चे को भी अब महिला के वास्तविक बच्चे जैसा ही माना जायेगा। अभी तक तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही मातृत्व अवकाश की व्यवस्था थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गुजरे मंगलवार यानी 17 मार्च 2026 को इस नियम को अमान्य करते हुए कहा, 'अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश मिलेगा।' सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने सोशल सिक्युरिटी कोड-2020 से जुड़े मामले की सुनवायी करते हुए धारा 60 (4) को असंवैधानिक करार दिया, जिसमें तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को ही गोद लिए जाने पर मातृत्व अवकाश की व्यवस्था थी।

गौरतलब है कि 21 नवंबर 2025 को केंद्र सरकार ने जो सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 लागू की थी, इसमें उसी पुराने नियम को बरकरार रखा गया था, जो तीन महीने से कम उम्र के बच्चे पर ही मातृत्व अवकाश को मान्यता देता है। इस व्यवस्था को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गोद लेने वाली मां के लिए तीन महीने की उम्र की शर्त न सिर्फ गलत और भेदभावपूर्ण है बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लघन है।' साल 2017 में हमसानंदनी नंदूरी ने



दो बच्चों को गोद लिया था। साढ़े चार साल की एक लड़की और दो साल के एक लड़के को। लेकिन जब बच्चों को गोद लेने के बाद उसने अपने दफ्तर से मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश की मांग की, तो उसे सिर्फ छह-छह हफ्ते की छुट्टी दी गई, क्योंकि गोद लिए गये ये बच्चे तीन महीने से बड़े थे। नंदूरी ने इस व्यवस्था के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने कहा कि तीन महीने की उम्र की शर्त न केवल भेदभावपूर्ण बल्कि संवैधानिक रूप से भी गलत है। क्योंकि इससे समानता के अधिकार का हनन होता है। 29 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया और 17 मार्च 2026 को तीन महीने की आयु सीमा वाले प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली मां को मातृत्व अवकाश दिया जायेगा। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मातृत्व अवकाश के साथ-साथ पितृत्व अवकाश को भी महत्वपूर्ण और जरूरी बताया। मालूम हो कि भारत में अभी तक पितृत्व अवकाश को कानूनी मान्यता नहीं हासिल, जबकि महिलाओं को मैटरनिटी लीव मिलती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे लाया जाना चाहिए और इसके लिए केंद्र सरकार कानून बनाए। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक इस कानून में छुट्टी की अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरत के अनुसार तय होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पितृत्व अवकाश को भी अपने फैसले में इसलिए शामिल किया, क्योंकि उसका मानना है कि बच्चे के शुरूआती विकास में मां और पिता दोनो की ही प्रमुख भूमिका होती हैं। निःसंदेह यह फैसला कई वजहों से ऐतिहासिक है। सबसे पहले तो यह

## मातृत्व की परिभाषा

फैसला अब तक बच्चा जन्म देने वाली मां और बच्चा गोद लेने वाली मां के बीच जो भेदभाव मौजूद था, उसे यह फैसला खत्म करता है। उसके बाद नये जमाने की जरूरतों के हिसाब से परवरिश को देखने की कोशिश करता है। क्योंकि अब वह जमाना नहीं रहा, जब बच्चे को केवल मां ही पालती है। आजकल बच्चे के लालन-पालन में मां और बाप दोनो की बराबर की भूमिकाएं होती हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह पितृत्व अवकाश की भी व्यवस्था करे। हालांकि पितृत्व अवकाश कितने दिनों का हो, यह बात सुप्रीम कोर्ट ने नहीं तय की और कहा है कि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के हिसाब से इसे तय किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला ऐसे समय पर आया है, जब एक ओर भारत में मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत जैविक माताओं को 26 सप्ताह की छुट्टी मिलती है, वहीं गोद लेने वाली माताओं के लिए यह अवकाश की व्यवस्था न सिर्फ सीमित बल्कि काफी हद तक अस्पष्ट थी। इस निर्णय के बाद अब जैविक और गोद लेने वाली माताओं के बीच का फासला खत्म हो गया है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि मातृत्व केवल जैविक भाव नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे में शुरूआती समय में बच्चे के साथ माता-पिता विशेषकर मां की उपस्थिति बेहद महत्वपूर्ण है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे बॉन्डिंग पीरियड माना है और इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए फैसला दिया है कि गोद लिया गया बच्चा चाहे छोटा हो या बड़ा, उसकी भावनात्मक और विकासकात्मक जरूरतें एक जैसी होती हैं। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट की यह मान्यता एक नया सामाजिक संकेत दे रही है। क्योंकि भारत में परिवार की अवधारणा तेजी से बदल रही है। न केवल सिंगल पैरेंट्स, लेट मैरिज बल्कि बच्चे को गोद लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। ऐसे में यह निर्णय इन सभी सामाजिक रूपों को वैधता प्रदान करने के साथ-साथ सम्मान भी प्रदान करता है। साथ ही उन हजारों दंपत्तियों और एकल व्यक्तियों को भी बच्चे को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो किसी कारणवश जैविक रूप से मां या पिता नहीं बन सकते। मगर बच्चों को अपनाने की इच्छा रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में एक अप्रत्यक्ष रूप से यह इशारा भी छिपा है कि देश में बढ़ती जनसंख्या को काबू करने के लिए बच्चा पैदा करने की बजाय गोद लेने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भले इस लक्ष्य को स्पष्ट शब्दों में व्यक्त न किया गया हो, लेकिन 'एकल पैरेंटिंग राइट्स' के इस कदम से जैविक बच्चे की ही तरह गोद लेने वाले बच्चे के प्रति भावना मजबूत होगी।

कुल मिलाकर अगर सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले को डिकोड करें तो पता चलता है कि यह सिर्फ गोद लिए गये किसी भी उम्र के बच्चे के लिए समान मातृत्व अवकाश की बात भर नहीं है बल्कि इससे आगे मां की परिभाषा को जैविक से आगे ले जाकर सामाजिक और भावनात्मक बनाने की प्रक्रिया भी है। पहली बार सुप्रीम कोर्ट जैसी किसी न्यायिक संस्था ने बच्चे के शुरूआती समय को, भावनात्मक जुड़ाव को, परवरिश के लिए न केवल महत्वपूर्ण माना है बल्कि उसे कानूनी आधार भी दिया है। इससे कार्यस्थलों को अधिक समावेशी बनाया जा सकेगा और भविष्य में जेंडर-न्यूट्रल पैरेंटिंग की नींव मजबूत होगी।

### सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने बाराबंकी से बहराइच तक 101 किमी लंबाई के 4 लेन रा. राजमार्ग-927 के निर्माण को 69 69 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। केशव प्र. मौर्य.



फिर हुआ एक समाज विशेष का अपमान, यह करता है कि ये सब जान बूझकर सत्ता के इशारे पर हो रहा है, असली सवाल है प्रश्न पत्र बनाने वालों में भी सजातीय को डाला है। अखिलेश यादव



मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अगले महीने से पुजारियों, मुअज्जिनों का महीने का मानदेय 500 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया गया है। ममता बनर्जी.



# प्राणायाम का महत्व

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतर्दृष्टि

# मुंह आया बताशा...

व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। पुस्तक ऐतिहासिक हो-साहित्य का पुरस्कार आराम से मिल जायेगा। आजकल तो एक और नया चलन चला है कि पुरस्कार पाठ्य पुस्तकों पर भी दिया जाने लगा है। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है।



पूरन सरमा

# नव संवत्सर मानवता और प्रकृति के उत्कर्ष का प्रारंभ



पर्व/त्योहार

प्रो.आर.एन. त्रिपाठी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नव संवत्सर का प्रारम्भ होता है। जब नवोढ़ा प्रकृति वसंत-ऋतु के स्वर में जाग उठती है। रसराज अपने पूरे उफान होता है। पुराण-मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि-रचना प्रारंभ की, इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को न केवल वर्ष का प्रथम दिन, बल्कि जगत के जन्म का भी प्रतीक माना जाता है। यह समय एक रैखिक गणना नहीं, बल्कि एक निरंतर जन्म-मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र के रूप में दिखता है, जिसकी हर मोड़ पर नव-सृष्टि का अवसर छिपा होता है।

विक्रम संवत से ईसा पूर्व 57 में उज्जयिनी के महाराजा विक्रमादित्य ने शक आक्रांताओं पर विजय प्राप्त कर एक नव-युग की स्थापना की। राजा ने इस विजय के उपलक्ष्य में नया संवत चलाया, जिसका नाम विक्रम-संवत पड़ा। इस प्रकार नव संवत्सर केवल आध्यात्मिक अथवा खगोलीय तिथि बल्कि राष्ट्रीय गौरव, न्याय और धर्मयुक्त शासन की विजय का भी प्रतीक है। यह दिन देवी-देवताओं के साथ जीवनादर्शों और कर्म की विविधताओं का संगम है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को घरों में मंगल कलश स्थापित किया जाता है, जिसमें जल, अक्षत, नारियल रखकर आर्द्र घास या जौ उगाई जाती है। यह कलश न केवल लक्ष्मी-समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि सृष्टि की अनुकूल गति को जागृत करने का एक आध्यात्मिक प्रतीक है, जिसके माध्यम से व्यक्ति नववर्ष को शुभ ऊर्जा से और नवाचार, नई फसलों से, नए कोपलों नए वितानों से जोड़ता है। कहा यह भी जाता है कि इसी प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था, जो धर्म-आधारित राजनीति का आदर्श बन गया। इसी प्रकार धर्मराज युधिष्ठिर को भी विक्रम-सदृश न्यायप्रिय राजा के रूप में याद किया जाता है, जिससे नव संवत्सर को राज्य और नैतिकता का मेल भी मिलता है। मूलतः पिछले वर्ष के प्रायश्चित कर अधम कृत्यों से मुक्ति पाकर इस नव संवत्सर, केवल जन्म-मृत्यु के चक्र से आगे बढ़कर नैतिक पुनर्जागरण और सामाजिक पुनर्संस्थापना का प्रतीक होता है। वैज्ञानिक और खगोलीय आधार भारतीय नव संवत्सर का चयन यादृच्छिक नहीं है, बल्कि प्राचीन वैदिक -ज्योतिषीय परम्परा के भीतर एक गहन वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा लगभग वसंत-विषुव के निकट पड़ती है, जब दिन और रात लगभग बराबर होते हैं और उत्तरी गोलार्द्ध में वसंत आरम्भ होता है। इस काल में सूर्य नए राशि-चक्र की ओर बढ़ते हुए ऊर्जा का संक्रमण और प्रकृति में नव-जीवन का संकेत देता है, जो नव संवत्सर के 'नव-आरंभ' के दर्शन को वैज्ञानिक रूप से सार्थक बनाता है।

इस दिन सूर्य संक्रांति के समीप होता है, जबकि चन्द्रमा शुक्ल पक्ष के प्रारंभ में होता है, अर्थात चन्द्रमा नवीन उज्ज्वलता की ओर बढ़ रहा होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह समय उच्च ऊर्जा का क्षण माना जाता है, जब दोनों महाप्राणी सूर्य और चन्द्र सक्रिय चक्र के आरंभ में होते हैं। इस प्रकार नव संवत्सर प्रकृति के सनातन नियमों के साथ मानवीय संकल्प को जोड़ने का एक वैज्ञानिक और रहस्यमय अवसर है, जिसमें अध्यात्म और खगोलीय गणना साथ-साथ चलती हैं। यह संवत्सर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर-मध्य भारत में विक्रमी नव संवत, दक्षिण में उगादि, असम में बैहागु, बंगाल में पोहेला बैशाख, फिजी और नेपाल में भी विभिन्न स्वरूपों में मनाया जाता है। इन सभी नामों के पीछे एक ही मूल दार्शनिक तंत्र छिपा है -ऋतु-चक्र के साथ मानवीय गतिविधियों का समन्वय, खेती काल, व्यापार, विवाह और धार्मिक आयोजनों का नवीन आरंभ। इस प्रकार नव संवत्सर सांस्कृतिक धरोहर का एक व्यावहारिक सामाजिक उत्सव है जो किसान, व्यापारी, विद्वान और राज्य सभी को एक सामूहिक समय बोध से जोड़ता है। हर नव संवत्सर पर लोग नए संकल्प लेते हैं—ऋण-मुक्ति, अहिंसा, सत्य वचन, दान और सेवा की ओर झुकने के निर्णय करते हैं। राजा विक्रमादित्य ने भी प्रजा के ऋण माफ करके एक नया साल शुरू किया था। इस परंपरा के माध्यम से नव संवत्सर न केवल कैलेंडर का नया वर्ष बनता है, बल्कि वह नैतिक और सामाजिक नव संस्थापना का भी दिवस है। आधुनिक वैश्विक समाज में नया वर्ष एक जनवरी, वित्तीय वर्ष एक अप्रैल से माना जाता है, परन्तु प्रकृति के समस्त प्राकृतिक संयोजनों का सुखद और नवाचारों के प्रारम्भ का वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है और सही मायने में यही असली नववर्ष है।

(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर

## आप की बात

### समावेशी विकास नीति

समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और सरकार को भी अनाज प्रबंधन में आसानी हो जाती है।

**प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### आतंकियों संरक्षक है पाकिस्तान

परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्ताान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## पहली शादी छिपाकर डॉक्टर से किया विवाह ,केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा में एक सनसनीखेज धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक महिला डॉक्टर पर अपने पहले पति से तलाक हुए बिना दूसरी शादी करने और पति के परिवार से लाखों रुपए की ठगी करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर पत्नी सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आजादपुरा निवासी पीड़ित डा.पीयूष डी. जैन ने बताया कि उनकी शादी 8 फरवरी 2020 को इंदौर निवासी डा.प्रिया जैन के साथ हुई थी। आरोप है कि प्रिया पहले से शादीशुदा थी और उसने अपने पहले पति के साथ चल रहे अदालती मामले को छिपाकर यह शादी की थी। शादी के बाद आरोपी महिला ने अपने माता-पिता और भाई को भी ललितपुर बुला लिया और पीड़ित के घर में ही रहने लगे। पीड़ित के अनुसार, मई 2024 में उसकी पत्नी ने साजिश के तहत उसके पिता से उधार के नाम पर 20 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए अपने खाते में मंगवा लिए। इसके बाद सितंबर 2025 में जब डा.पीयूष एक मामले में गवाही देने दिल्ली गए थे, तब मौका पाकर उनकी पत्नी और ससुराल वालों ने घर में रखे 2.50 लाख रुपए नगद, करीब 7 लाख रुपए के सोने के जेवरात, शादी का प्रमाण पत्र और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया और फरार हो गए। वापस आने पर पीड़ित को घर पर ताला लटका मिला। डा.पीयूष ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने पैसों की मांग की, तो उनकी पत्नी ने उनके और उनके परिवार के खिलाफ घरेलू हिंसा का झूठा केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी पत्नी प्रिया जैन, ससुर प्रमोद कुमार जैन, सास मीना जैन, साले प्रिंकेश जैन, लकी जैन और रिश्तेदार हितेन्द्र जैन बड़घरिया के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 61(2) सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर जलाने पर पति, एक अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट

**बांदा।** थाना जसपुरा के गौरीकलां निवासी स्नेहा पत्नी पंकज विश्वकर्मा ने पति व कौशल किशोर के विरुद्ध तहरीर देकर बताया कि वह कानपुर देहात थाना घाटमपुर के ग्राम परास की निवासिनी है। 15 दिन पहले बच्चों के साथ मायके गौरीकला आई थी। बताया कि बीते 13 मार्च की रात पति पंकज पुत्र राजकुमारए कौशलकिशोर निवासी मेउड़ा थाना बिल्हौर कानपुर जो मेरे पति का बहनोई हैए दोनो आग लगाकर भाग रहे थे। भाई प्रशांत ने बाहर निकलकर देखा तो ऊपर पेट्रोल की बदबू आ रही थी। शोर मचाने पर मोहल्ले वाले एकत्र हुए और दमकल आने पर आग बुझ सकी। तब तक घर व सामग्री जल चुकी थी। पीड़िता ने कहा कि इसके पूर्व पति गांव आकर आग लगान की धमकी देकर चला गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

## पत्नी को फोन पर परेशान करने का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को अपनी पत्नी के साथ हो रही छेडखानी का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुसकर उसके साथ लात-घूसों और डंडों से जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का ही रहने वाला सुंदरम पुत्र श्रीराम पिछले काफी समय से उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर फोन करके उसे परेशान कर रहा था। आरोपी महिला को डराता-धमकाता था और किसी को न बताने की धमकी देता था। 17 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे जब रामप्रताप को इस बात की जानकारी हुई, तो उसने फोन के माध्यम से सुंदरम को समझाने की कोशिश की। इससे आक्रोशित होकर आरोपी सुंदरम पीड़ित के घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने रामप्रताप की पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर आरोपी का चाचा और भाई भी वहां पहुंच गए और तीनों ने मिलकर पीड़ित को लात-घूसों व डंडों से पीटा। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के दादा-दादी के साथ भी अभद्रता की गई। जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सुंदरम, उसके चाचा रहीश और भाई विक्रम के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115(2) और 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अभूतपूर्व विकास, सतत समृद्धि और नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में संकल्प से सिद्धि-सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि की थीम पर विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से विगत नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि को लगायी गई प्रदर्शनी के माध्यम से जनमानस को अवगत कराया गया तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया। राज्यमंत्री मनोहर लाल, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, सांसद प्रतिनिधि, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान ने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों के द्वारा सूचना विभाग के माध्यम से लगायी गई सरकार की नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ से प्रसारित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित किया और नौ वर्षों के विकास और उपलब्धियों को बताया।

- विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर विकास भवन में आयोजित हुआ समारोह
- प्रभारी मंत्री ने वर्चुअली जुड़कर दी जनपदवासियों को बधाई
- जनप्रतिनिधिगणों ने गिनायी सरकार की उपलब्धियों, डीएम ने विकास को बताया सतत्प्रक्रिया

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम की सराहना की और सरकार द्वारा जनपद में कराये गए विकास कार्यों की जानकारी दी तथा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनपदवासियों को बधाई दी। राज्यमंत्री ने एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज, किसान ऋण मुक्ति, जीरो पावर्टी कार्यक्रम, फॉर्मर रजिस्ट्री, रोजगार, सुमेरा तालाब का सुन्दरीकरण, चैपाटी निर्माण आदि विषयों पर जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कई कार्य चल रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्गों से जोड ? का कार्य चल रहा है, नगरीय क्षेत्र में शहर की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो चलता रहता है। शहर में चैपाटी का निर्माण, सुमेरा तालाब का सौन्दर्यीकरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य भी हमारी कार्ययोजना में शामिल है। कार्यक्रम में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीओ नीरज सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त सहकारिता अरविन मेहर सहित अन्य अधिकारीगण, महिला शक्ति व आम नागरिक उपस्थित रहे।

## दो दरोगाओं सहित चार पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में पुलिसिया बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल की अदालत ने एक अधिवक्ता की शिकायत पर कड़ा रुख अपनाते हुए कोतवाली ललितपुर के दो दरोगाओं, एक सिपाही और एक होमगार्ड के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने थाना प्रभारी को दो कार्य दिवस के भीतर एफआईआर दर्ज कर न्यायालय को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। मामला 7 दिसंबर 2025 का है। पीड़ित कृपाल सिंह जो कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में पंजीकृत अधिवक्ता हैं, ने अदालत को बताया कि गांव में उनकी भांजी के साथ हुई मारपीट की सूचना पर उन्होंने 112 नंबर पुलिस बुलाई थी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे दैलवारा चैकी प्रभारी ललित उज्जवल और दरोगा दीपक डागर ने मदद करने के बजाय उल्टा अधिवक्ता और उनके चचेरे भाई केहर सिंह को घर से घसीटकर गाड़ी में डाल लिया। हवालात में बर्बरता और कथित तौर पर जूते चटवाने का आरोप अधिवक्ता कृपाल सिंह ने अपने शिकायती पत्र में रोंगटे खड़े कर देने वाले आरोप लगाए हैं।

- अधिवक्ता के साथ बर्बरता और अभद्रता करने का आरोप

उनके अनुसार कोतवाली ले जाने के बाद दरोगा दीपक डागर और ललित उज्जवल ने होमगार्ड परमाल सिंह से उन्हें कमरे में बुलवाया। वहां तीनों ने लात-घूंसों और पट्टों से अधिवक्ता की बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद आरक्षी (सिपाही) दीपेन्द्र भी मारपीट में शामिल हो गया। आरोप है कि दरोगाओं ने अधिवक्ता का वीडियो बनाया और अपशब्द कहे।

प्रार्थी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनसे कहा कि मेरे जूतों को चाटो, इस वीडियो को वायरल करेंगे कि कैसे एक वकील जूते चाट रहा है। अधिवक्ता का गला दबाया गया और धमकी दी गई कि यदि कहीं शिकायत की या मेडिकल में कुछ बताया तो जान से मार देंगे। अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक से लेकर आईजीआरएस पोर्टल तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

अंततरू उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(4) के तहत न्यायालय की शरण ली।

प्रस्तुत साक्ष्यों, मेडिकल रिपोर्ट और शपथपत्र का अवलोकन करने के बाद सीजेएम मयंक जायसवाल ने माना कि प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना प्रतीत होता है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आवेदक के प्रार्थनापत्र व अभिलेखों के आधार पर विपक्षीगण द्वारा अपराध कारित किए जाने से इनकार नहीं किया जा सकता।

मामले की विवेचना कर सही तथ्यों को प्रकाश में लाना आवश्यक है। अदालत का आदेश न्यायालय ने कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया है कि इस मामले में सुसंगत धाराओं के तहत 02 दिन के भीतर रिपोर्ट दर्ज की जाए और विवेचना कर न्यायालय को अवगत कराया जाए।

## मंत्री ने किया स्टॉलों का उद्घाटन, बतायी सरकार की उपलब्धियां



**बांदा।** केंद्र सरकार के 11 तथा प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों के स्टॉलों का उद्घाटन कर भ्रमण किया। इसके बाद विकास भवन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों के जरिए उपलब्धियां बताईं। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधिए किसान ऋण मोचन योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजनाए स्वच्छ भारत मिशनए दिव्यांगजनों को पेंशनए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलाए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाए प्रधानमंत्री जनधन खाता योजनाए अटल पेंशन योजनाए आयुष्मान वय वंदना योजनाए अत्योदय योजनाए पीएम स्वनिधि योजनाए पीएम उज्वला योजनाए छात्र.छात्राओं को स्मार्टफोनए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना व अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कहा कि जनपद में 4971ण्81 लाख की लागत से 20 पर्यटन केंद्रों का विकास किया जा रहा हैए जिसमें 13 कार्य शत्प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके हैं। ग्राम पोण्डरा स्थिति पहाडिया दाईए तपोवन बाटिकाए बाम्बेश्वर मंदिरए दुन्गारी का हनुमान मंदिरए नरैनी के ग्राम जरर के पहाड में भगवान शिव जी के अतिप्राचीन गुफाए श्री डाबर देवता मंदिरए अरोडीदाई मंदिरए भूरागढ़ रिवरफन्ट व पार्किंग एवं यात्री सुविधाए सिमौनी स्थिति मौनी बाबाधामए कारूबाबा भगवान मंदिरए कालिन्जर किले के समीप पर्यटन सुविधा केन्द्र इत्यादि का विकारा कार्य शत.प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है एवं रनगढ़ किले पर रिवरफन्टए उदईपुरवा में इकोव्यू प्वाइट व इकोपार्कए नवाबटैंक में म्यूजिकल फाउन्टेनए यमुनानदी में घाट निर्माण तथा सिद्धबाबा आश्रम मंदिर का विकास कार्य प्रगति पर है इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिलाधिकारी जेण रीभा, ए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेंद्र सिंह व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सास के साथ अवैध संबंध बनाने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** ससुराल मे दीवार फांदकर अंदर घुसे दामाद ने सास के साथ अश्लील हरकतें कीं और अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाया। सफल न होने पर गला दबाकर सास को मारने का प्रयास किया और भाग निकला। परिवार वालों व ग्रामीणों ने पकड़कर दामाद को पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सास की तहरीर पर दामाद के खिलाफ यौन उत्पीड़नए गला दबाने व धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। सोमवार को कमासिन थाने पहुंची पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी की शादी खमरखा गांव निवासी युवक के साथ तीन साल पहले हुई थी। दामाद अक्सर शराब के नशे में बेटी के साथ मारपीट करता था। एक साल पहले उसने बेटी को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब से वह यहां मायके में उसके पास रहती है। जब सोमवार रात सास घर पर अकेली थीए लगभग 9 बजे दामाद आया और दरवाजा खटखटाने लगा। उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद दामाद दीवार फांदकर घर में दाखिल हो गया। घर में अकेला देख उसने सास को दबोच लिया और अश्लील हरकत शुरू कर दीं। आरोप है कि वह अवैध संबंध का दबाव बनाने लगा। सास के गुहार लगाने पर उसने गला दबाकर मारने का प्रयास किया और भाग गया। जाते समय जान से मार डालने की धमकी दी। गुहार सुनकर गांव के लोगों ने दामाद को पकड़ लिया और पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने खमरखा गांव निवासी महेंद्र कुमार लोधी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फरार युवक के विरुद्ध दरोगा ने कराई रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** कस्बा अतर्रा के गांधी नगर मोहल्ला निवासी चुन्नू कोरी उर्फ पंकज पुत्र रामनाथ कोरी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। चोरी का माल बरामद होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। सोमवार को उसे मंडल कारागार से सीजेएम न्यायालय अतर्रा में पेशी में ले जाया गया। करीब पांच बजे उसने बाथरूम का बहाना बनाया। उसे एक दरोगा व सिपाही पुलिस कर्मी बाथरूम कराने लेकर गए। इसी दौरान वह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को धक्का देकर फरार हो गया ससुराल पहुंचकर शराब पीए फिर वहां से भी भाग निकला। बंदी के पास मोबाइल न होने से पुलिस उसे 24 घंटे बाद भी ट्रेस नहीं कर पाई। भागने के बाद रात 10 बजे वह ससुराल पहुंच गया था। इसके बाद उनके साथ वहां पर जमकर दारू पी। सुसराली जनों को यह भनक भी नहीं लगने दी कि वह न्यायालय से भागकर यहां आया है। ससुराली जनों को आशंका थी कि लगता है बेल मिल गई है। इसलिए वह आया है। वहीं रात में दारू पीने के बाद सुबह फिर से वह करीब पांच बजे वहां निकल गया है। सुरागरसी में लगी पुलिस को ससुराली जनों तक जानकारी करने पर यह बात सामने आई है। इसके बाद से अतर्राए फतेहगंज और एसओजी की टीमें उसकी तलाश में फतेजगंज के जंगलों की खाक छान रही हैं। बताया जा रहा है कि दस साल पहले ही उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। उसकी कोई संतान नहीं है और वह नशे का आदी है। दरोगा राजेश कुमार ने अतर्रा कोतवाली में केस दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस ने मारपीट करना एधक्का देकर भाग जाना व सरकारी कार्य में बाधा डालने की धारा में केस दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं पुलिस अभिरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

## प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहाः साकेंद्र




**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि एवं नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में देखा गया। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज पर्यटन के लिए करोड़ों लोग विभिन्न धार्मिक स्थलों सहित अन्य दर्शनीय स्थलों के दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से दलितों, वंचितों, अतिपिछड़ों और गरीबों के कल्याण के लिए कदम उठाए गए हैं और सबका-साथ, सबका-विकास के पथ पर कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति, धर्म संप्रदाय देख सभी को लाभ प्रदान कर रही है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि एवं नवनिर्माण के 09 वर्ष पूर्ण होने पर सबको शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, उपायुक्त मनरेगा आर बी यादव, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# जनगणना 2027 को लेकर फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन ट्रेनिंग कार्य संपन्न हुआ।

प्रभारी जनगणना अधिकारी जेपी यादव ने बताया कि भारत की जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह जनगणना डिजिटल तरीके अर्थात मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी, जिससे जहां एक ओर सूचनाएं तेजी से भेजी जा सकेंगी, वहीं गलतियों की सम्भावना भी न्यूनतम स्तर पर रह जाएगी। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंकाओं का समाधान भी उपस्थित उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि डेटा संकलन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डॉ आकाश अग्रवाल, डॉ0 अमित कुमार एवं डॉ0 राजीव विश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद थे।

## अंबेडकर महासभा की बैठक का हुआ आयोजन

ललितपुर। बुधवार को अंबेडकर महासभा की ओर से एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सिंबल ऑफ नॉलेज विश्व रतन संविधान निमार्ता डा.बी.आर. अंबेडकरजी की जयंती मनाने हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया। जयंती समारोह 14 अप्रैल अंबेडकर पार्क जेल चैराहा पर मनाए जाने पर चर्चा हुई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन 14 अप्रैल को सुबह 9 से 3 बजे तक होगा। मुख्य अतिथि जिले के अधिकारी गण गण मान्य नागरिक समाज सेवीकरण माता बहनों और छात्र-छात्राएं शामिल रहेंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाज से भी रामप्रकाश भारती सेवा निर्मित सिंचाई विभाग ने कहा कि इस बार डा.बी.आर.अंबेडकरजी का जन्मदिन ऐतिहासिक होगा। वही संचालन कर रहे डा.खेमचंद वर्मा ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर किसी एक जाति विशेष के नहीं है, बाबा साहब अंबेडकर सभी समाज की प्रिय हैं। बैठक में एड.हरगोविंद अहिरवार नेहरू नगर, एड. रानू कुमार गौतम चांदोरा, एड.अर्जुन सिंह बेसरा, एड. अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने आरटीसी परीक्षा का किया निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा में दिनांक 17 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक संचालित रिक्रूट आरक्षियों की आरटीसी कोर्स की अंतर्विषयक अंतिम परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया तथा ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त इंडोर परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट भरने की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए, जिससे किसी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही ओएमआर शीट का सही तरीके से वितरण, संग्रहण एवं सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए तथा मूल्यांकन प्रक्रिया पारदर्शी एवं त्रुटिरहित हो। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित करने हेतु कहा गया कि परीक्षा के दौरान शुचिता एवं अनुशासन बनाए रखा जाए, जिससे समस्त परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

# खबर छपते ही हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप चिकित्सक की दुकान फिर हुई सील

शहजाद अंसारी (vol)




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के संज्ञान में आने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी फजीहत बचाने के लिये ग्राम मंझेडा सकरु पहुंचकर सील हुई क्लीनिक पर धडल्ले से प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप अशरफ पर कार्रवाही करते हुए मंगलवार को दोबारा सील तो लगवा दी लेकिन इस पूरे घटनाक्रम से यह साबित हो गया है कि मौत का खेल खेलने वाले झोलाछापों के नेटवर्क ने स्वास्थ्य विभाग को किस तरह अपनी पकड में जकड रखा है अब देखना यह है कि दोबारा सील खेलकर कानून और स्वास्थ्य विभाग को चुनौती देने वाले झोलाछाप अशरफ अंसारी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाही करता है या नोटो की गड्डी के सामने अपना ईमान बेचता है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल ने बीती 10 मार्च मंगलवार को नगीना क्षेत्र के ग्राम मंझेडा सकरु पहुंचकर पिछले काफी समय से लाइलाज बीमारी के इलाज का झांसा देकर लोगों की जान से खिलवाड करने वाला झोलाछाप डा0 अशरफ अंसारी निवासी ग्राम कल्याणपुर के क्लीनिक पर छापा मारकर क्लीनिक को सील कर दिया था। झोलाछाप चिकित्सक डा0 अशरफ अंसारी ने सील हुई दुकान में दो दिन बाद 12 मार्च से ही धडल्ले से बैठकर भेले-भाले लोगो को ईलाज के नाम पर मौत की पुडिया देने शुरू कर दी जिससे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के भ्रष्टाचार की पोल खुल गई और क्षेत्र में ईमानदार व समाजसेवी लोगं जो इस झोलाछाप क आतंक से त्रस्त थे वह हक्का बक्का रह गये। मंगलवार 17 मार्च को प्रमुखता से समाचार पत्र में खबर छपने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी फजीहत बचाने के लिये ग्राम मंझेडा सकरु पहुंचकर सील हुई क्लीनिक पर छापेमारी की तो झोलाछाप अशरफ अंसारी धडल्ले से प्रेक्टिस करता पाया गया। जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने झोलाछाप अशरफ अंसारी के क्लीनिक पर दोबारा सील तो लगवा दी लेकिन दो दिन बीत जाने के बावजूद भी मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाही नही की। सील हुई दुकान पर प्रेक्टिस करने से लेगों के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने वाले क्षेत्र के अन्य झोलाछापों के हौंसले भी बुलन्द हो रहे हैं और वह भी स्वास्थ्य विभाग को चुनौती देते हुए ठंके की चोट पर ईलाज के नाम पर भोले-भाले लोगो को मौत की पुडिया बांट रहे है। झोलाछापों के मकड़जाल से तभी मुक्ति मिलेगी जब स्वास्थ्य विभाग इनपर मुकदमा दर्ज की कार्रवाही करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह का कहना है कि मांमले की जांच कराई जा रही जल्द ही कडी कार्रवाही की जाएगी।

## बुंदेलखण्ड को अलग राज्य बनाने को दिया ज्ञापन

बांदा। बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर बुंदेलखंड आजाद सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा। कहा कि जब भाजपा विपक्ष में थी तब अलग राज्य बनाए जाने की खुद आवाज उठाई थी। कहा कि 9 अप्रैल तक सुनवाई न होने पर 10 को विधानसभा सभा का घेराव किया जाएगा। बुंदेलखंड आजाद सेना के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद आजाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब विपक्ष में रही तब.तब बुंदेलखंड की आवाज को समर्थन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अलग राज्य बनाए जाने की प्रतिज्ञा की थी। वह भी पूरी नहीं हुईघ्12 मार्च 1948 को अलग राज्य के रूप में बुंदेलखंड का अस्तित्व था। इसे कायम रखने के लिए शंकरलाल मल्होत्रा ने अपनी जान की बाजी लगा दी फिर भी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। इस क्षेत्र में तमाम नदियांए पहाड़ए खनिज स्त्रोत के रूप में है। भाषा और पर्यटन की विविधता है। आजादी के सातए आठ माह तक बुंदेलखंड राज्य का अस्तित्व कायम रहा। इसके पहले मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेनाए मेजर ध्यानचंद्रए हरि सिंह गौड़ए दादा माधव प्रसाद तिवारीए महाराजा छत्रसाल बुंदेलाए राजा भोजए ईश्वरीए पदमाकर आदि ने बुंदेलखंड का नाम रोशन किया। इन सबकी जन्म एवं कर्मभूमि बुंदेलखंड रही है। बसपा सरकार ने वर्ष 2011 में बजट पेश कर अलग राज्य का मामला केंद्र के हवाले कर दिया था। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सदन में जय बुंदेलखंड कहकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। वर्तमान में कई राजनीतिक संगठन बुंदेलखंड पृथक राज्य बनाए जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। बुंदेलखंड अलग राज बनने पर ही यहां का विकास संभव है। पदाधिकारियों ने कहा कि जल्द अलग राज्य का ऐलान नहीं किया गया तो वह सांसदए विधायकों का घेराव करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य हैं।

# एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन नगीना ने की 2026 के कार्यकारिणी चुनाव की घोषणा

जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन नगीना की ओर से वर्ष 2026 की कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन नगीना की ओर से बार एसोसिएशन नगीना की वर्ष 2026 की कार्यकारिणी के चुनाव के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुए चुनाव का प्रारूप तैयार किया गया।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जयकिशन शर्मा एडवोकेट ने बताया कि एल्डर्स कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है जिसके अनुसार चुनाव प्रक्रिया दिनांक 18 मार्च से 09 अप्रैल 2026 तक सम्पन्न होगी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 18 मार्च को निर्वाचन में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची की अन्तिम सूची का प्रकाशन सांय 3 बजे तक 23 मार्च को निर्वाचन में भाग लेने वाले योग्य सदस्यों की सूची पर आपत्ति दोपहर 12 बजे तक 24 मार्च को सदस्य सूची पर यदि कोई आपत्ति हो तो उसका निस्तारण साय 3 बजे तक आपत्ति निस्तारण के बाद निर्वाचन में भाग लेने वाले योग्य सदस्यो की अन्तिम सूची का प्रकाशन शाम 4 बजे तक 25 मार्च को कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण के पद हेतु नामांकन पत्रों के प्रस्तुतीकरण का प्रथम दिन समय 2 बजे तक 27 मार्च को कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण के पद हेतु नामांकन पत्रों के प्रस्तुतीकरण का द्वितीय दिन समय 2 बजे तक 28 मार्च को कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यगण के पद हेतु नामांकन पत्रों के प्रस्तुतीकरण का तृतीय दिन समय 2 बजे तक 30 मार्च 2026 को नामांकन पत्रों की जाँच 12 बजे से तदोपरान्त प्रत्याशियो की सूची का प्रकाशन सांय 4 बजे होगा जबकि एक अप्रैल 2026 को नामांकन पत्रो पर आपत्ति दोपहर 12 बजे तक तदोपरान्त नामांकन पत्रो पर प्राप्त आपत्तियो का निस्तारण दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्रो पर प्राप्त आपत्तियो के निस्तारण के बाद यदि आवश्यक हो दो प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन सायं 4 बजे 02 अप्रैल को नामांकन पत्रों की वापसी का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रथम दिन 03 अप्रैल को नामांकन पत्रो की वापसी का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अन्तिम दिन प्रत्याशियो की अनन्तिम सूची का प्रकाशन साय 4 बजे और 09 अप्रैल 2026 को बार एसोसिएशन नगीना की 2026 की कार्यकारिणी का चुनाव मतदान के जरिए (मतदान की गुप्त प्रक्रिया) होगा।

- मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 2:30 बजे से मतगणना व परिणामों की घोषणा की

मतदान प्रातकाल 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक, मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर 2:30 बजे से मतगणना व परिणामों की घोषणा की जाएगी।

संक्षेप

## एचसीआईएल ने इलेक्ट्रिक एसयूवी का टेस्ट रन शुरू किया

नयी दिल्ली। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने भारत में अपनी आगामी बैटरी इलेक्ट्रिक वैहिकल (बी.ई.वी) एस.यू.वी का टेस्ट रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही भारत में इस एस.यू.वी के पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग की आधिकारिक शुरूआत हो गई। यह भारतीय ग्राहकों के लिए ऑल-न्यू इलेक्ट्रिक एस.यू.वी पेश करने की ओर होंडा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सफर का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मॉडल का प्रोटोटाईप जापान मोबिलिटी शो 2025 में होंडा ओ अल्फा के रूप में पेश किया गया था। अब इस टेस्टिंग प्रोग्राम द्वारा इस एस.यू.वी का परीक्षण भारत में ड्राईविंग की परिस्थितियों के लिए किया जा रहा है, जिसके लिए इसे हाईवे, शहर की सड़कों और चुनौतीपूर्ण रास्तों पर ले जाया जाएगा। इस एस.यू.वी के लिए मुख्य ध्यान इसकी ड्यूरेबिलिटी, हैंडलिंग, राईड कम्फर्ट, एफिशियंसी और विश्वसनीयता पर केंद्रित किया गया है। इस एस.यू.वी की टेस्टिंग भीषण गर्मी और मॉनसून के दौरान भी की जाएगी।

## सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एम 17ई 5जी

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम 17ई 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन 20 मार्च से Samsung.com, अमेजन और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है। गैलेक्सी एम सीरीज सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है, और गैलेक्सी एम 17ई 5जी इसी विरासत को आगे बढ़ाता है। युवा भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए, यह स्मार्टफोन प्रमुख फीचर्स– एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबी चलने वाली बैटरी, दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरे और स्मार्ट सॉफ्टवेयर– में भरोसेमंद परफॉर्मेंस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की शानदार सुविधा देता है। गैलेक्सी एम 17ई 5जी ऐसे इनोवेशन और अनुभव देता है जो जेन जी के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। मूल्य को महत्व देने वाले ये युवा यूजर्स ऐसे डिवाइस चाहते हैं जिनमें लंबी बैटरी लाइफ, स्मूथ ऐप परफॉर्मेंस, हाई-क्वालिटी फोटोग्राफी और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने वाले स्मार्ट फीचर्स हों।

## अपना खास नवरात्रि मेन्यू वापस ला रहा है सोशल

लखनऊ। नवरात्रि एक ऐसा समय है जब खाना आस्था, उत्सव और एकजुटता का प्रतीक बन जाता है। इस साल, सोशल अपना बेहद पसंद किया जाने वाला नवरात्रि मेन्यू वापस ला रहा है। यह एक ऐसा फेस्टिव मेन्यू है जो व्रत के पारंपरिक पसंदीदा व्यंजनों को उस चंचल और मजेदार अंदाज के साथ मिलाता है जिसके लिए यह ब्रांड जाना जाता है। 19 मार्च से 27 मार्च तक उपलब्ध रहने वाला यह मेन्यू हजरतगंज सोशल , देहरादून सोशल और दिल्ली एनसीआर के सभी सोशल आउटलेट्स पर पूरे दिन परोसा जाएगा। यह मेहमानों को नौ दिनों के इस त्योहार को मनाने का एक स्वादिष्ट तरीका देता है। व्रत के अनुकूल सामग्री और सुकून देने वाले स्वाद के साथ तैयार किए गए इस मेन्यू में ऐसे व्यंजन शामिल हैं जो पौष्टिक भी हैं और खाने में भी बेहद स्वादिष्ट। मेहमान 'आलू और केले की टिक्की चाट' से शुरूआत कर सकते हैं। यह एक कुरकुरा और चटपटा पसंदीदा व्यंजन है जिसमें दही, टमाटर, गाजर, चुकंदर के लच्छे और चटनी की परतें होती हैं। कुछ पेट भरने वाले व्यंजन के लिए, 'नवरात्रि खिचड़ी' एक बेहतरीन विकल्प है। समा के चावल, घी, टमाटर और धनिया से बनी यह खिचड़ी एक गर्म और पौष्टिक व्यंजन है जो त्योहार के दौरान रखे जाने वाले व्रत के सार को पूरी तरह से दर्शाता है।

## द बॉडी शॉप ने ड्यूबेरी के साथ मनायी ईद

नयी दिल्ली। इस ईद पर, द बॉडी शॉप अपनी प्रतिष्ठित 'ड्यूबेरी' रेंज की वापसी के साथ आपसी एकजुटता और उपहार देने का जश्न मना रहा है। यादों से भरा यह संवेदी कलेक्शन त्योहारों के आनंद के लिए एकदम सही है। पहली बार 90 के दशक में पेश की गई ड्यूबेरी को अब आधुनिक टेक्सचर और समृद्ध फॉर्मूला के साथ नए रूप में लाया गया है, जो पुरानी यादों को आज की आधुनिक देखभाल के साथ जोड़ता है। शिया बटर और तिल के तेल जैसी 'कम्युनिटी फेयर ट्रेड' सामग्रियों से भरपूर, यह रेंज एक शानदार सेल्फ-केयर अनुभव प्रदान करती है, जो ईद की गर्मजोशी और उदारता के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

# सेंसेक्स में 633 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा। कच्चे तेल के दाम में हल्की नरमी और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में मजबूत रुख से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई। स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। निफ्टी की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और सत्र के अधिकतर समय तक सकारात्मक रुख बना रहा। हालांकि, अंतिम घंटों में मुनाफावसूली से कुछ बढ़त कम हुई। उन्होंने कहा कि आईटी शेयर में तेजी रही और बाजार में जारी बढ़त में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.39 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.59 प्रतिशत की तेजी आई। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। इसका कारण निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों की निरंतर गतिविधि के प्रति संवेदनशील बनी हुई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# रुपया 23 पैसे टूटकर 92.63 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर



मुंबई। मजबूत डॉलर और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 23 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.63 प्रति डॉलर (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की उंची कीमतों ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और अधिकांश समय 92.41-92.48 के दायरे में कारोबार करता रहा। लेकिन सत्र के अंतिम चरण में गिरावट के साथ यह 92.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 92.65 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर भी आया। इससे पहले मंगलवार को रुपया 92.47 के स्तर को छूने के बाद 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। प्रमुख केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक समीक्षा बैठक से पहले रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इसे 92.50 के स्तर के पार जाने दिया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 99.62 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड लगभग स्थिर रुख के साथ 103.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक चढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## एफएफएफएआई ने युद्ध जोखिम अधिभार लगाने पर किया सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

नयी दिल्ली। फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री माल भाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। हम समझते हैं कि असाधारण भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम कवरेज की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए काफी अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं। एफएफएफएआई ने सोमवार को भेजे गए पत्र में कहा कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं।

# केंद्र का राज्यों को ज्यादा एलपीजी देने का वादा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है।

होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया। केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है। उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किरायापट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनरस्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं। शर्मा ने कहा कि इन सुधारों को आगे बढ़ाने और मंजूरियों में तेजी लाने की जिम्मेदारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों पर है। एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पर उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी पूरी तरह आपूर्ति समाप्त नहीं हुई है। हालांकि, स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि आयात बाधित हो गया है।

## बाजार में तीन दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी है।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 2,140.21 अंक यानी 2.87 प्रतिशत की तेजी आई है। बुधवार को सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई तेजी के कारण, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन दिन में 9,18,579.57 करोड़ रुपये बढ़कर 4,39,00,831.84 करोड़ रुपये (4,750 अरब डॉलर) हो गया।

# घरेलू ईंधन जरूरतों को प्राथमिकता देगा भारत



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने राष्ट्रहित सर्वोपरि का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है। हालांकि, भारत के पास अपनी वार्षिक खपत से अधिक की शोधन क्षमता है, लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कच्चे तेल और रसोई गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल और 60 प्रतिशत रसोई गैस आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से आता है। इस मार्ग में बाधा आने के कारण भारत अब रूस और अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

## योद्धा ईपॉड ने उत्तर प्रदेश में किया डेब्यू

नोएडा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड योद्धा ने उत्तर प्रदेश के बाजार में अपना नवीनतम उत्पाद, योद्धा ईपॉड, लॉन्च किया है। यह एक अगली पीढ़ी का एल5 श्रेणी का इलेक्ट्रिक पैसेंजर थ्री-व्हीलर है। एक बार चार्ज करने पर 227 किमी की प्रमाणित रेंज के साथ, यह वाहन राज्य में वाणिज्यिक उपयोग के लिए उपलब्ध सबसे कुशल इलेक्ट्रिक तीन-पहिया वाहनों में से एक है। बढ़ती ईंधन कीमतों और किफायती परिवहन की बढ़ती मांग के बीच, उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। योद्धा ईपॉड को इन बदलती मोबिलिटी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लंबी ड्राइविंग रेंज, बेहतर प्रदर्शन और आधुनिक तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। योद्धा ईपॉड की सबसे बड़ी खासियत इसकी 227 किमी की प्रमाणित रेंज है।

# जापान ने फरवरी में 57.3 अरब येन का व्यापार अधिशेष किया दर्ज



जापान। जापान ने फरवरी में 57.3 अरब येन (36 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, जो एक महीने पहले के घाटे से उलट है। यह जानकारी बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में दी गई।

जापान के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में निर्यात उम्मीद से बेहतर 4.2 प्रतिशत बढ़कर 9570 अरब येन हो गया। आयात सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत बढ़कर 9510 अरब येन रहा जबकि जनवरी में इसमें 2.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उस महीने जापान ने 1150 अरब येन का व्यापार घाटा दर्ज किया था। अमेरिका तथा इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने और तेहरान के जवाबी कर्रवाई करने से उत्पन्न स्थिति के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल एवं अन्य ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के चलते आयात लागत बढ़ने की संभावना है। जापान अपना लगभग पूरा तेल आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत हाल के हफ्तों में बढ़कर लगभग 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, विशेषकर ईरान में युद्ध, जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा जोखिम बनी हुई है। हालांकि कमजोर येन कुछ राहत दे सकता है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की विनिमय दर करीब 159 है, जबकि एक वर्ष पहले यह 150 येन से कम थी। चीन को निर्यात में सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत की गिरावट आई, हालांकि इस वर्ष लूनर न्यू ईयर फरवरी में पड़ने के कारण मांग असामान्य रूप से कमजोर रही। अमेरिका को निर्यात आठ प्रतिशत घटा, क्योंकि मोटर वाहन के निर्यात में कमी आई। है। यूरोप को निर्यात मजबूत रहा और फरवरी में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़ा जबकि एशिया के अन्य हिस्सों में निर्यात 2.8 प्रतिशत बढ़ा।

## पेज एक का शेष

### इजराइली हमले

के धीमा पड़ने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। ईरान ने हवाई सुरक्षा को भेदते हुए अपनी कुछ नवीनतम मिसाइलों का इस्तेमाल फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों व इजराइल पर हमले करने के लिए किया। साथ ही तेल अवीव के पास दो लोगों को मार डाला। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खातीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने वादा किया कि आज पूरे दिन सभी मोर्चों पर महत्वपूर्ण आश्चर्यजनक घटनाओं के सामने आने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। ईरान ने खातीब की मौत की तुरंत पुष्टि नहीं की। इजराइल ने मंगलवार को ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के बासिज बल के प्रमुख को मार गिराया था। इजराइल ने लेबनान पर दबाव बनाए रखा है और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों को निशाना बनाकर हमले कर रहा है जिनमें बेरूत में कई अपार्टमेंट भवनों को निशाना बनाया गया और कम से कम 12 लोग मारे गए। ईरान में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर पर एक रात पहले एक प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है और संयंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने तेहरान से मिली एक रिपोर्ट के आधार पर दी। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने संघर्ष के दौरान अधिकतम संयम बरतने की अपील दोहराई, ताकि किसी परमाणु दुर्घटना का खतरा टाला जा सके। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर 28 फरवरी को हमले के बाद से ईरान अपने खाड़ी अरब पड़ोसियों के ऊर्जा ढांचे और सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। यह रणनीति तेल कीमतों को बढ़ाने और वाशिंगटन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है।

### बाराबंकी-बहराइच

गलियारा स्थापित करेगी। इससे रूपईडीहा भूमि बंदरगाह तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे बहराइच और श्रावस्ती जैसे दूरस्थ जिलों के बीच संपर्क सुविधा बढ़ेगी, कृषि व्यापार, पर्यटन, सीमा पार व्यापार और क्षेत्रीय निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को गति मिलेगी। भव्य योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग-एंड-प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत ही उत्पादन या संचालन शुरू कर सकती हैं। इन पार्कों में आंतरिक सड़कें, भूमिगत उपयोगिताएं, पानी-निकासी, अवशिष्ट प्रबंधन और प्रशासनिक ढांचा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, तैयार फैक्ट्री शेड, किसी खास कंपनी की जरूरत के हिसाब से डिजाइन एवं तैयार बिल्ट-टू-सूट इकाइयां, परीक्षण प्रयोगशालाएं, गोदाम और श्रमिकों के लिए आवास जैसी मूल्यवर्धित सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक समर्थन दिया जाएगा, ताकि संपर्क सुविधा बेहतर हो सके। इस योजना के तहत परियोजनाओं का चयन चैलेंज मोड के जरिये किया जाएगा, ताकि केवल निवेश के लिए तैयार एवं सुधारोन्मुख प्रस्तावों को ही आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत विकसित औद्योगिक स्मार्ट शहरों की सफलता को आधार बनाते हुए भव्य योजना को राज्यों और निजी क्षेत्र की साझेदारी में लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पहले से स्वीकृत भूमि, तैयार बुनियादी ढांचे और एकीकृत सेवाओं के साथ भव्य योजना निवेशकों के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को काफी हद तक कम करेगी। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

### 9 वर्ष में

और रोजगार का संकट था, भर्ती प्रक्रियाएं भ्रष्टाचार और वसूली से प्रभावित थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता था। प्रदेश में विकास के लिए कोई स्पष्ट विजन नहीं था, जिसके कारण युवा वर्ग निराश होकर या तो पलायन करता था या संघर्ष में उलझा रहता था।

### भारत-कनाडा

के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में साझेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच सहयोग से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा विनिमय को नई गति मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश-अनुकूल नीतियां इसे वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सतत ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्रों में कनाडा की विशेषज्ञता, उत्तर प्रदेश की विकास आकांक्षाओं के साथ स्वाभाविक रूप से मेल खाती है, जिससे दोनों पक्षों के बीच एक मजबूत साझेदारी विकसित की जा सकती है।

### पीएम 28 को

दुर्दशा का जिक्र किया, फिर अपनी सरकार के कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि देश का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास है। गंगा एक्सप्रेसवे इसी महीने पूरा हो रहा है। इसके पश्चात यूपी का शेयर 60 फीसदी हो जाएगा। यूपी ने इंटरस्टेट, इंटरनेशनल, फोरलेन कनेक्टिविटी को बेहतर किया है। मैत्रीद्वार बनाए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सिंगापुर, जापान और जर्मनी से बड़े निवेशक यूपी आने वाले हैं। अभी से पत्र आने प्रारंभ हो गए हैं। सरकार ने इस पर कार्य भी शुरू कर दिया है। जिस प्रदेश में कोई निवेशक नहीं आता था, वहां अब तक 15 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी हैं। छह लाख करोड़ रुपये का निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। हर जिले में निवेश हो रहा है। हमारे पास व्यापक लैंडबैंक है। 34 सेक्टोरल पॉलिसीज, निवेश मित्र व निवेश सारथी जैसी उद्यम समर्थित व्यवस्थाएं है। प्रदेश इस दिशा में आगे बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 2017 से पहले निवेशक नहीं आता था, क्योंकि यहां सुरक्षा, पॉलिसी, लैंडबैंक और सरकार की नीयत भी नहीं थी। निवेश तब आता है, जब सरकार की नीयत अच्छी होती है।

### आध्यात्मिक

के विकास और सुगम पहुंच के लिए भी लगातार कार्य हो रहा है। इन पहलों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की असली पहचान उसकी सांस्कृतिक समृद्धि, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक परंपराओं में निहित है। सरकार इन मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है, जिसमें संतों और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों का सहयोग महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने आर्ट ऑफ लिविंग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वैश्विक स्तर पर योग, ध्यान और सेवा के माध्यम से मानवता को जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में शांति और संतुलन स्थापित करने में सहायक हैं।

### पालम की

से फैल गई। संभवतः दुकान में मौजूद अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। स्थानीय बाजार संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र अपनी पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियों के साथ उस इमारत में रहते थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद नहीं थे। कश्यप गोवा में थे, जबकि उनका एक बेटा और उसका परिवार छुट्टी मनाने बाहर गए हुए थे। मृतकों की पहचान राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियों के रूप में हुई। उनकी तीन बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। पुलिस ने बताया कि लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी इस अग्निकांड में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि राजेन्द्र और लाडो का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इसके तुरंत बाद उसने खुद भी छलांग लगा दी।

### इंदौर में ईवी

घटना में मारे गए आठ लोगों के शव एक सरकारी अस्पताल में लाए गए हैं और उनका पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। घनघोरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान तन्मय (छह), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा आग लगने के बाद बचाए गए दो लोगों को भी अस्पताल लाया गया था। हालांकि, उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद अपना इलाज दूसरे अस्पताल में कराने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। उन्होंने कहा चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया।

### पेयजल योजनाओं

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी, वहीं आज हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिन क्षेत्रों में कभी दूषित पानी के कारण गंभीर बीमारियां आम थीं, वहां अब हालात तेजी से सुधरे हैं। विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस जैसी समस्या पर नियंत्रण में स्वच्छता और पेयजल योजनाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है।

### पूर्व विधायक

इस दौरान उसमें दबे भैयालाल नामक व्यक्ति को गंभीर हालत में बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। घटना में ईशू चौरसिया, रामवीर यादव, राशू मिश्रा समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब आठ बजे जोरदार धमाका हुआ, जिससे मकान की तीसरी मंजिल तक खिड़कियां, दरवाजे और छत क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास के घरों में भी कंपन महसूस किया गया।

# पीएम मोदी ने कुवैत के युवराज से बात की

## होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोपरि प्राथमिकता बनी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर विचार-विमर्श किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाये रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क आवश्यक है।

मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के लगभग तीन सप्ताह बाद प्रधानमंत्री ने कुवैत के नेता से दूसरी बार बात की। इस संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। जिसके जवाब में ईरान ने भी कई खाड़ी देशों को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से पश्चिम एशिया के कई नेताओं से बात की है। इनमें सऊदी अरब, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, जॉर्डन, इजराइल और ईरान के नेता शामिल हैं।

# ईरान ने युद्ध के बावजूद लाखों बैरल तेल निर्यात किया



हांगकांग। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने के बावजूद ईरानी तेल टैंकरों सहित लगभग 90 जहाज इस संकरे जलमार्ग से गुजर चुके हैं और तेहरान अब भी लाखों बैरल तेल का निर्यात कर रहा है। समुद्री व्यापार पर नजर रखने वाले मंचों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

समुद्री डेटा फर्म लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कई जहाजों ने कथित तौर पर अवैध पारगमन किया था जो पश्चिमी सरकार के प्रतिबंधों और निगरानी से बचकर गुजरे और जिनके ईरान से संबंधित होने की संभावना है। हाल ही में, भारत और पाकिस्तान से जुड़े जहाजों ने भी सरकारों द्वारा बातचीत तेज करने के बाद सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार किया है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों और व्यापारिक साझेदारों पर युद्धपोत भेजने और जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दबाव डाला, ताकि तेल की कीमतों को कम किया जा सके। हालांकि, व्यापार डेटा और विश्लेषण मंच केप्लर के अनुमान के अनुसार, ईरान मार्च की शुरुआत से अब तक 1.6 करोड़ बैरल से अधिक तेल का निर्यात करने में कामयाब रहा है। इसके अनुसार, पश्चिमी प्रतिबंधों और उनसे जुड़े जोखिमों के कारण ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन रहा है। कंसल्टिंग फर्म रेड्डल के वरिष्ठ अधिकारी कुन काओ ने कहा कि ईरान ने संकरे जलमार्ग पर नियंत्रण का इस्तेमाल करके तेल की बिक्री से मुनाफा कमाने के साथ-साथ अपने निर्यात मार्ग को भी सुरक्षित रखा है। एक से 15 मार्च के बीच कम से कम 89 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया, जिनमें 16 तेल टैंकर शामिल थे। युद्ध से पहले प्रतिदिन लगभग 100 से 135 जहाजों के आवागमन की तुलना में यह संख्या काफी कम है।

## संक्षेप

### आजीवन कारावास की सजा निलंबन की याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कठुआ में 2018 में आठ वर्षीय बच्ची के साथ हुए बलात्कार और हत्या मामले के मुख्य साजिशकर्ता एवं मंदिर के पूर्व सेवादार सांझी राम की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि इस स्तर पर सजा के निलंबन की रियायतें नहीं मिलनी चाहिए। जनवरी 2018 में जिस मंदिर में अपराध हुआ था, उसके सेवादार सांझी राम को अगले वर्ष पठानकोट की एक सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सांझी राम के रिश्तेदार परवेश कुमार और विशेष पुलिस अधिकारी दीपक खजूरिया को भी आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। न्यायमूर्ति गुरविंदर सिंह गिल और न्यायमूर्ति रमेश कुमारी की खंडपीठ ने सांझी राम की याचिका पर 6 मार्च को यह आदेश पारित किया। तीन पृष्ठ का यह आदेश इस सप्ताह की शुरुआत में उपलब्ध कराया गया। मामले के गुणदोष पर टिप्पणी किए बिना, अदालत ने कहा कि उसकी राय में यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता इस स्तर पर सजा के निलंबन की रियायत का हकदार हो। अदालत ने कहा, इस प्रकार, आवेदन खारिज किया जाता है।

# निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पांच अधिकारियों के तबादले और तैनाती के बुधवार को आदेश दिए, जिनमें उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद के अधिकारी भी शामिल हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

मुख्य सचिव को लिखे एक पत्र में आयोग ने निर्देश दिया कि राठौड़ अमितकुमार भरत की तैनाती रायगंज रेंज के डीआईजी के पद पर की जाए, जबकि अजीत सिंह यादव को मुर्शिदाबाद डीआईजी नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि श्रीहरि पांडे को डीआइजी, बर्धमान और कंकर प्रसाद बरुई को डीआइजी, प्रेसीडेंसी रेंज के पद पर तैनात किया गया है। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, अंजली सिंह जलपाईगुड़ी की डीआईजी के रूप में कार्यभार संभालेंगी। इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे तक जमा करनी होगी।

# बेरोजगारी बढ़ाने में सरकार धुरंधर उसके पास समाधान नहीं: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि मोदी सरकार के पास बेरोजगारी जैसे महासंकट का कोई समाधान नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए यह आरोप लगाया कि मोदी सरकर बेरोजगारी बढ़ाने में धुरंधर है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ाने में धुरंधर मोदी सरकार। कोई ताज्जुब नहीं होता जब प्रधानमंत्री अपने चुनावी भाषणों में युवाओं द्वारा रील बनाने को अपनी सरकार की मुख्य उपलब्धि के तौर पर गिनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास इसके अलावा कोई चारा भी नहीं है, क्योंकि भारत में पढ़े-लिखे, डिग्रीधारी युवाओं में बेरोजगारी के जो आंकड़े लगातार सामने आ रहे हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं इसलिए उनमें साहस नहीं है कि वह रोजगार पर बात कर लें। रमेश ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 20 से 29 वर्ष की उम्र के 6.3 करोड़ स्नातक में से करीब 1.1 करोड़ युवा बेरोजगार हैं। सिर्फ सात प्रतिशत स्नातक ही बेरोजगार होने के एक साल के भीतर स्थायी वेतन वाली नौकरी हासिल कर पाते हैं। शिक्षा में युवाओं (पुरुषों) की हिस्सेदारी 2017 में 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत हो गई। कांग्रेस नेता के अनुसार, आर्थिक मजबूरी के कारण युवा पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 2017 में जहां 58 प्रतिशत युवाओं ने घर की आय में सहयोग के लिए पढ़ाई छोड़ी, वहीं 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 72 प्रतिशत हो गया। ऐसी और भी कई रिपोर्ट्स लगातार सामने आ चुकी हैं। देश की जनता को लाइन में लगाने में माहिर इस सरकार में युवा नौकरी की लाइन में लगा है, लेकिन नौकरी नहीं है।

# सीएम ने पालम में आवासीय इमारत में लगी आग की जांच के आदेश दिये



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के पालम क्षेत्र स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए गए हैं।

गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आवासीय भवन में आग लगने के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह लगी आग में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। आग की लपटों से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाने वाले दो अन्य लोगों का इलाज किया जा रहा है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि बचाव और अग्निशमन अभियानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पालम मेट्रो के पास एक आवासीय इमारत में लगी आग की घटना से मैं बहुत दुखी हूं। इस दुखद घटना से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। डीएफएस को सुबह करीब सात बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में घर पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के 30 वाहन मौके पर भेजे गए और आग बुझाने तथा अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया।

# गुजरात सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा में पेश किया

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने बुधवार को गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक विधानसभा में पेश किया, जिसका उद्देश्य धर्म, जाति या पंथ की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन संबंध से संबंधित कानूनों को विनियमित करना है।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने यह विधेयक पेश किया। राज्य द्वारा नियुक्त समिति ने एक दिन पहले ही राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन पर अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंपी थी। उम्मीद है कि इस विधेयक पर बजट सत्र के अंतिम दिन यानी 25 मार्च को चर्चा और अनुमोदन के लिए विचार किया जाएगा। गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026 नामक प्रस्तावित कानून पूरे राज्य में लागू होगा और गुजरात की सीमा से बाहर रहने वाले निवासी भी इसके दायरे में होंगे। हालांकि, विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए विधेयक के दस्तावेज में कहा गया है कि यह अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों और कुछ ऐसे समूहों पर लागू नहीं होगा, जिनके पारंपरिक अधिकार संविधान के तहत संरक्षित हैं। इसमें कहा गया है, वर्तमान विधेयक धर्म, जाति, पंथ या लैंगिक भेदभाव के बिना राज्य के सभी नागरिकों के लिए नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाला एक समान कानूनी ढांचा प्रदान करके इन सिफारिशों को प्रभावी बनाने का प्रयास करता है। इसका उद्देश्य धर्मनिरपेक्षता, लैंगिक न्याय और सामाजिक सुधार के सिद्धांतों को कायम रखना है।

# यूक्रेन को न भूलें सहयोगी देश: जेलेंस्की

लंदन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस और ईरान को नफरत के मामले में भाई-भाई बताया और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से ऐसे वक्त में समर्थन मांगा जब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अमेरिका की मध्यस्थता वाली रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की रफ्तार धीमी पड़ गयी है।

जेलेंस्की ने देश के सहयोगियों से अपील की कि वे यूक्रेन को न भूलें और सुझाव दिया कि अमेरिका एवं अन्य देश पश्चिम एशिया के संघर्ष में यूक्रेन की ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध ने तेल राजस्व में वृद्धि के माध्यम से रूस की सुस्त अर्थव्यवस्था में फिर से जान फूंक दी है। ब्रिटेन की संसद में जेलेंस्की ने कहा कि रूस और ईरान की सरकारें नफरत के मामले में भाई-भाई हैं और इसीलिए वे हथियारों के मामले में भी भाई-भाई हैं। हम चाहते हैं कि नफरत पर आधारित सरकारें कभी किसी भी चीज में जीत हासिल न कर सकें। लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में जेलेंस्की से बातचीत के दौरान स्टार्मर ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को ईरान संघर्ष से लाभ नहीं मिलना चाहिए, चाहे वह तेल कीमतों में बढ़ोतरी हो या प्रतिबंधों में ढील। यह बैठक ऐसे समय हुई जब अमेरिका ने वैश्विक आपूर्ति के दबाव को कम करने के लिए रूसी तेल पर कुछ प्रतिबंध अस्थायी रूप से हटा दिए।

## इंटरटेनमेंट...

# अजय और अनुभव की कभी आपस में नहीं हुई बात



**मुंबई**। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।

अनुभव सिन्हा लल्लनटॉप से ? बात करते हुए कहा, हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं। फिल्म कैश के बाद से अजय देवगन और अनुभव सिन्हा ने कभी भी साथ में काम नहीं किया। डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था। डायरेक्टर से पूछा गया कि क्या किसी सॉन्ग को लेकर कोई विवाद हुआ था, जिसमें अजय देवगन काम करना चाहते थे? जवाब में उन्होंने कहा- किसी गाने को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ था।

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा- अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म कैश साल 2007 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में डायरेक्टर ने अजय देवगन को बतौर लीड एक्टर कास्ट किया था। इस फिल्म में सुनील शेट्टी, ईशा देओल, रितेश देशमुख, शमिता शेट्टी और दीया मिर्जा भी मुख्य भूमिकाओं में थे।

### भारत और ब्रिटिश के गायक एक साथ दिखे

नयी दिल्ली। भारतीय गायक अरिजीत सिंह व ब्रिटिश गायक एड शीरन का एक साथ स्कूटर पर घूमने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशंसकों द्वारा इसे अब तक का सबसे अच्छा वीडियो बताया जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, इस समय शीरन अपने मैथेमैटिक्स टूर के लिए भारत आए हुए हैं। सिंह को शीरन के साथ वाहन पर सवार होकर बिना सुरक्षाकर्मी के घूमते हुए देखा गया। हालांकि वीडियो की तारीख और स्थान की जानकारी की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार गायक जोड़ी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सिंह के गृहनगर जियागंज की सड़कों पर स्कूटर चलाते हुए देखा गया है। पिछले साल, शीरन लंदन में सिंह के संगीत कार्यक्रम में मंच पर शामिल हुए थे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो


**मुंबई**। सिंगर सोनू निगम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों पर भड़कते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सिंगर माइक पर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, 'बैठ जाओ, वरना बाहर निकल जाओ।' वहीं, उनके इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो कोलकाता में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में सोनू निगम कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'अगर तुम्हें खड़ा होना ही है तो चुनाव में खड़े हो जाओ यार। प्लीज बिठाओ। जल्दी करो इतना टाइम जा रहा है, मुझे मालूम है। तुम्हारा कट-ऑफ टाइम आ जाएगा फिर।

# विक्की ने की अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात




**मुंबई**। विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर ने हाल ही में फिल्म में अपने और अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर संभाजी महाराज के लुक को लेकर इतने सीरियस थे कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से ही मना कर दिया था।

विक्की कौशल ने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर का कहना था कि जब तक विक्की का अपीयरेंस एक रियल वॉरियर जैसा नहीं होगा, तब तक वे फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे। विक्की कौशल ने रेडियो नशा से बातचीत में कहा- छावा मेरे करियर की सबसे टफ फिल्मों में से एक है। मेरे लिए संभाजी महाराज का किरदार निभाना बिल्कुल आसान नहीं था। फिजिकली छावा मेरे लिए सबसे टफ रोल रहा है क्योंकि एकदम से 25 किलो वेट गेन करना आसान नहीं है। मुझे ये वेट गेन करने में 7 महीने लगे थे। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। विक्की ने डायरेक्टर के बारे में बात करते हुए कहा- लक्ष्मण सर ने मुझसे साफ कहा था कि जब तक तुम अपने लुक को चेंज नहीं कर लेते तब तक शूटिंग शुरू नहीं होगी। तुम्हें एक रियल वॉरियर दिखना होगा, जब तक तुम वो लुक नहीं पा लेते, घुड़सवारी नहीं सीख लेते, तलवारबाजी की पूरी ट्रेनिंग नहीं ले लेते और एक्टिंग फाइटिंग नहीं सीख लेते, मैं फिल्म शुरू नहीं करूंगा। मैं अपने व्यूअर्स को धोखा नहीं देना चाहता हूं, मैं वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं करूंगा। विक्की ने कहा- छत्रपति संभाजी महाराज का रोल प्ले करने के लिए मैंने अपने बाल बढ़ाए, दाढ़ी बढ़ाई थी और बॉडी बनाई। लक्ष्मण सर छावा ने छावा को पूरी तरह से रियल दिखाने की कोशिश की है। अगर फिल्म के ट्रेलर में 2000 लोग दिखाई दे रहे हैं। तो रियल में सेट पर 2000 लोग मौजूद थे। हमारे पास 2000 जूनियर आर्टिस्ट और देश के 500 स्टंटमैन थे। इस फिल्म को बहुत ही ग्राउंड लेवल पर शूट किया गया है। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं। तो वहीं अक्षय खन्ना मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com